* ओड़िशा संस्करण

12 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 24

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

दिवाली






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 12 नवंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## राहुल-वरुण की केदारनाथ में मुलाकात से बढ़ा सियासी तापमान

# सवाल वही, एक म्यान में दो तलवार कैसे!


**बाबा केदारनाथ के दरबार में सियासत के दो सिरों पर खड़े नेहरू-गांधी परिवार के दो चेहरे दर्शन करने पहुंचे, तो चर्चा होना लाजिमी ही था कि यह महज बाबा के दर्शन का संयोग है या कोई सियासी प्रयोग। जिस दौरान राहुल गांधी केदारनाथ में थे, उसी समय सियासत के दूसरे छोर पर खड़े गांधी परिवार के एक और चिराग वरुण गांधी की भी बाबा के दर्शन की तस्वीरें सामने आ गयीं। फिर दोनों चचेरे भाई, जो दो परस्पर विरोधी सियासी विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, अरसे बाद एक-दूसरे से मिले, करीब पौन घंटे तक अकेले में बातचीत की। इस मुलाकात से सियासी माहौल में हलचल होनी ही थी, सो खूब हो रही है। ऐसी चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि 2024 में दोनों भाई मिल सकते हैं। इस चर्चा ने इसलिए जोर पकड़ी है, क्योंकि वरुण गांधी पिछले कुछ दिनों से भाजपा से उखड़े-उखड़े से हैं। वह कई बार बेरोजगारी और किसानों के मुद्दों पर पार्टी लाइन से अलग स्टैंड लेते रहे हैं। ऐसे में एक समय में दोनों का केदारनाथ में होना और फिर एक-दूसरे से मिलना कौतूहल तो पैदा करता ही है। दोनों भाइयों की इस मुलाकात को हालांकि कांग्रेस ने पारिवारिक बताया है, लेकिन इस बात में कोई शक नहीं है कि राहुल गांधी ने अपनी घोषित आध्यात्मिक यात्रा को बड़े सियासी अवसर में बदल कर कई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। क्या है राहुल-वरुण मुलाकात के मायने और क्या हो सकती हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**


राकेश सिंह

पांच धामों में से एक बाबा केदारनाथ के पुजारी निवास में पिछले दिनों सियासत की वह स्क्रिप्ट तैयार की गयी, जिसके आधार पर कहा जा रहा है कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में बदली हुई तस्वीर नजर आनेवाली है। दरअसल, केदारनाथ के पुजारी निवास में राहुल गांधी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी की मुलाकात हुई है। इस मुलाकात के बाद भी सियासी गलियारों में कयास यही लगाये जा रहे हैं कि क्या वरुण गांधी आनेवाले लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस के साथ जुड़ कर चुनाव लड़ेंगे। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि अगर ऐसा होता है, तो निश्चित तौर पर यह कांग्रेस के लिए फायदे का सौदा होगा, लेकिन फिर सवाल वही है कि क्या एक म्यान में दो तलवार हो सकती है। राहुल गांधी कांग्रेस के युवराज हैं, तो वरुण गांधी की भी महत्वाकांक्षाएं कम नहीं हैं।

सूचना के मुताबिक राहुल गांधी और वरुण गांधी की मुलाकात केदारनाथ के रास्ते में पुजारी निवास में हुई। तकरीब पौन घंटे तक हुई इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी और वरुण गांधी के बीच कई मुद्दों पर बातचीत हुई। इस बातचीत के दौरान वहां तीसरा कोई भी व्यक्ति नहीं था, लेकिन बताया यही जा रहा है कि इस दौरान वरुण गांधी के परिवार से भी राहुल गांधी ने मुलाकात कर बात की। इस बातचीत को लेकर सियासत में अब तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं। उत्तराखंड और यूपी की राजनीति के जानकारों के अलावा नेहरू परिवार की सियासी नब्ज की पहचान रखनेवाले कहते हैं कि जिस तरीके से वरुण गांधी लगातार भाजपा पर हमलावर हैं, और भाजपा भी एक तरह से उन्हें अकेले ही छोड़ दिया है, उससे यह अंदाजा पहले से लगाया जा रहा था कि उनका किसी ने किसी सियासी दल से नाता जुड़ सकता है। इस साल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पंजाब में राहुल गांधी द्वारा कही गयी बात के बाद वरुण गांधी की चर्चाएं समाजवादी पार्टी के साथ थीं, लेकिन राहुल गांधी से हुई मुलाकात के बाद यह माना जा रहा है कि संभव है कि लोकसभा चुनाव से पहले दोनों परिवारों के बीच में एकता हो जाये और सियासी रूप से वरुण गांधी कांग्रेस के साथ आ जायें।





वैसे बीते कुछ समय में वरुण गांधी का भारतीय जनता पार्टी पर किये जा रहे सियासी हमले को देखें, तो सहज ही अंदाजा लग जाता है कि आनेवाले चुनाव में वह किस दिशा में जा रहे हैं। दूसरी तरफ भाजपा ने भी एक तरह से वरुण गांधी से पीछा छुड़ाने का मन बना लिया है। शायद इसलिए उन्हें और उनकी मां मेनका गांधी को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति में जगह नहीं दी गयी है। हालांकि अभी तक वरुण गांधी और राहुल गांधी की ओर से इस मुलाकात के बारे में कोई टिप्पणी या कोई जानकारी तो साझा नहीं की गयी है, लेकिन इस यात्रा के फलाफल पर नजर रखनेवाले बताते हैं कि यह मुलाकात बहुत महत्वपूर्ण और बहुत ही गोपनीय थी। सियासी जानकारों का कहना है कि वैसे तो राहुल गांधी की केदारनाथ की यात्रा के पीछे भी एक बड़ा मकसद था, लेकिन वरुण गांधी का भी उसी समय केदारनाथ का दौरा करना कोई सामान्य और महज संयोग जैसा नहीं दिख रहा है। इसलिए राहुल और वरुण की इस मुलाकात को सियासी गलियारों में महज संयोग नहीं, बल्कि आनेवाले लोकसभा के चुनावों से पहले बहुत बड़े प्रयोग के तौर पर देखा जा रहा है।

राहुल गांधी और वरुण गांधी की मुलाकात भले केदारनाथ में हुई हो, लेकिन वरुण गांधी बीते कुछ समय से कांग्रेस की सियासत को ही आगे बढ़ाने में लगे हैं। अगर दो महीने पहले रायबरेली के संजय गांधी अस्पताल की घटना को देखा जाये, तो पता चल जाता है कि वरुण गांधी ने किस तरीके से भारतीय जनता पार्टी सरकार को घेरा था। वरुण गांधी के पिता संजय गांधी के नाम पर शुरू किये गये इस अस्पताल का उद्घाटन उनकी दादी इंदिरा गांधी ने किया था। जब एक घटना के बाद उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से अस्पताल को सील कर दिया गया, तो वरुण गांधी ने उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को चिट्ठी लिख कर अस्पताल की महत्ता के बारे में जिक्र किया था। सियासी गलियारों में कयास उसी वक्त लगाये जाने लगे थे कि आखिर वरुण गांधी का रायबरेली की जनता के लिए उमड़ा यह प्रेम सियासी है या कुछ और। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जिस तरीके से वरुण गांधी भाजपा और उनकी नीतियों को लगातार निशाने पर लेते आ रहे हैं, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आनेवाले लोकसभा के चुनाव में उनका सियासी ठिकाना बदल सकता है। राहुल की मुलाकात के बाद इस तरीके के कयास और पुख्ता होते जा रहे हैं। पहले भी ऐसे कई मौके आये हैं, जिससे स्पष्ट हुआ है कि अगले चुनाव में वरुण गांधी भाजपा से अलग होकर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि स्पष्ट रूप से अभी किसी भी सियासी दल ने और खुद वरुण गांधी ने इस तरीके का कोई साफ-साफ संदेश तो नहीं दिया है, लेकिन कभी समाजवादी पार्टी, तो कभी कांग्रेस में उनके आने की अटकलें लगती रही हैं। जब मुंशीगंज के संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस रद्द होने पर वरुण गांधी ने भाजपा सरकार को घेर कर उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी थी, तो उसका बड़ा सियासी संदेश रायबरेली और अमेठी की जनता में गया था, क्योंकि अपनी चिट्ठी में वरुण गांधी ने न सिर्फ अपनी दादी इंदिरा गांधी का जिक्र किया था, बल्कि स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानी का भी जिक्र इस चिट्ठी के माध्यम से किया था। यही वजह है कि वरुण गांधी के अब रायबरेली या अमेठी से कांग्रेस से चुनाव लड़ने की चर्चाएं भी इलाके में होने लगी थीं। अब केदारनाथ में वरुण गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात की चर्चा भी सियासी गलियारों में कई तरह के कयासों को आगे बढ़ा रही है। लेकिन यह भी सच है कि अगर वरुण गांधी कांग्रेस में आते हैं, तो उनके लिए स्थितियां उतनी आसान नहीं होंगी। वरुण गांधी के मन में भी महत्वाकांक्षाएं हिलोर ले रही हैं और वह सिर्फ सांसद भर नहीं रहना चाहते। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या राहुल गांधी इतनी आसानी से वरुण गांधी को कांग्रेस में जगह स्थापित कर देंगे। वरुण गांधी संजय गांधी के पुत्र हैं। जग जानता है कि राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी और वरुण गांधी की मां मेनका गांधी के बीच किस तरह का संबंध था। परिवार में खराब संबंधों के कारण ही मेनका गांधी अलग हुई थीं और उन्होंने कांग्रेस की कट्टर विरोधी भाजपा का दरवाजा खटखटाया था। राजनीति के जानकार यह भी कह रहे हैं कि यह दो अलग धाराओं का मिलन के समान है। इसमें एक राह में चलना संभव नहीं है। जैसे एक म्यान में दो तलवार नहीं रह सकती, उसी तरह राहुल और वरुण गांधी एक साथ कांग्रेस को दिशा नहीं दे सकते।

---

## राजनीतिक हलचल

# 15 नवंबर के बाद कभी भी भाजपा में वापसी हो सकती है सरयू राय, गीता कोड़ा और मलखान सिंह की

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का राजनीतिक पारा चढ़ा ही रहता है। यहां की राजनीतिक पार्टियां और राजनेता कुछ न कुछ राजनीतिक धमाका करते ही रहते हैं। झारखंड ऐसा राज्य है, जहां एक निर्दलीय प्रत्याशी सीटिंग मुख्यमंत्री को हरा देता है, यानी उनकी विधायकी भी नहीं रहती। कैसे एक निर्दलीय विधायक मुख्यमंत्री बन जाता है, यह झारखंड में ही हो सकता है। कौन भूल सकता है मधु कोड़ा को, जो 2000 में पहली बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और जीते। यह वो दौर था, जब मधु कोड़ा बाबूलाल मरांडी के संपर्क में आये थे। लेकिन साल 2005 में भाजपा द्वारा टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीते। उस दौरान यह चर्चा खूब थी कि कोड़ा का टिकट काटने में भाजपा के तत्कालीन संगठन महामंत्री हृदयनाथ सिंह का बहुत बड़ा हाथ था। कारण किसी बात को लेकर कोड़ा से उनकी कहासुनी हो गयी थी। टिकट कटने के बाद मधु कोड़ा भाजपा ऑफिस में रोये भी थे। फिर वहां से वह चाइबासा गये और निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गये। उन्होंने जीत हासिल कर ली। उसके बाद खंडित जनादेश आया और मिला-जुला कर भाजपा के नेतृत्व में बननेवाली अर्जुन मुंडा की सरकार का उन्होंने बाहर से समर्थन किया और उन्हें खान एवं भूवैज्ञानिक मामलों का मंत्री बनाया गया। सितंबर 2006 में मधु कोड़ा, एनोस एक्का और हरिनारायण राय ने मुंडा की सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे सरकार अल्पमत में आ गयी। बाद में विपक्ष संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन ने मधु कोड़ा को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार कर अपनी सरकार बनायी, जिसमें झामुमो, राजद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, फारवर्ड ब्लाक और तीन निर्दलीय विधायक शामिल थे, जिसमें कांग्रेस बाहर से समर्थन कर रही थी। कैसे एक निर्दलीय विधायक मुख्यमंत्री बना, यह सिर्फ झारखंड में ही हो सकता था। फिर कौन भूल सकता है 2009 का तमाड़ का वह उपचुनाव, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को झारखंड पार्टी के प्रत्याशी राजा पीटर ने 9000 मतों से मात दे दी थी। उसके 10 साल बाद 2019 का झारखंड विधानसभा चुनाव, जब मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ जमशेदपुर पूर्वी सीट पर उनकी ही कैबिनेट में खाद्य और आपूर्ति मंत्री रह चुके सरयू राय ने ताल ठोकी थी। सरयू राय निर्दलीय ही चुनाव लड़ गये और जीत गये।







कहा जाता है कि रघुवर दास ने 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट नहीं देने दिया था। अंत तक उनके टिकट को लटकाये रखा गया। सरयू राय ने रघुवर दास को 15,833 वोटों के अंतर से शिकस्त दी थी। इस सीट पर रघुवर दास को 58112 वोट मिले थे, वहीं सरयू राय ने 73945 मतों के साथ चुनावी मुकाबला अपने नाम किया था।

आज भाजपा का राजनीतिक समीकरण बदल चुका है। भाजपा सत्ता में नहीं है। आलाकमान ने झारखंड भाजपा की कमान अब बाबूलाल मरांडी के हाथों सौंप दी है। बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनते ही झारखंड भाजपा में एक अलग ही उत्साह है। बाबूलाल संकल्प यात्रा के माध्यम से पूरा झारखंड घूम चुके हैं। वह एक-एक व्यक्ति को जोड़ कर संगठन और पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने 41 प्लस सीटें जीतने का संकल्प लिया है। उसी संकल्प को पूरा करने के लिए वह लगातार नेताओं से संपर्क में हैं। ऐसी सूचना है कि प्रदेश भाजपा सरयू राय, मलखान सिंह और गीता कोड़ा से लगातार संपर्क में है। 15 नवंबर के बाद कभी भी इन तीनों दिग्गजों की भाजपा में घर वापसी हो सकती है।

गीता कोड़ा झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी हैं। मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद मधु कोड़ा ने कोल्हान में जय भारत समानता पार्टी का गठन किया था। 2009 में हुए विधानसभा चुनाव में गीता कोड़ा पहली बार पार्टी की तरफ से चुनावी मैदान में उतरी थीं। उस चुनाव में उन्होंने अपने सामने खड़े उम्मीदवार को 25 हजार वोटों के अंतर से मात दी थी। वह उस वक्त ना केवल पहली बार विधायक बनी थीं, बल्कि झारखंड की सबसे कम उम्र की विधायक होने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उस वक्त उनकी उम्र 25 वर्ष थी। अक्टूबर 2018 में गीता कोड़ा कांग्रेस में शामिल हुईं। 2014 की मोदी लहर में चाइबासा से चुनाव जीत कर लक्ष्मण गिलुवा पहली बार सांसद बने थे। उन्होंने 2014 में जय भारत समानता पार्टी से प्रत्याशी गीता कोड़ा को हराया था। 2014 में मोदी लहर के बावजूद गिलुवा को मात्र 26% वोट मिले थे। वहीं 2014 में गीता कोड़ा को 18% वोट हासिल हुए थे। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में गीता कोड़ा ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और उन्होंने भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को 72845 मतों से हरा दिया था। बता दें कि गीता कोड़ा को चार लाख 30 हजार 900 मत मिले थे। वहीं भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को तीन लाख 58 हजार 55 मत हासिल हुए थे। आज अगर गीता कोड़ा भाजपा में शामिल होती हैं, तो बाबूलाल के 41 प्लस वाला गणित बहुत हद तक सुलझ सकता है। कारण कोल्हान और खासकर चाइबासा जिले में कोड़ा दंपति की पकड़ आज भी कायम है और यह परिवार तीन से चार सीटों पर असर डाल सकता है।

इचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह की भी भाजपा में घर वापसी होनेवाली है। मलखान सिंह का राजनीतिक सफर कांग्रेस से शुरू हुआ था। लेकिन 1995 में बिहार विस चुनाव में इचागढ़ से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय चुना लड़ा और पहली बार विधायक बने। उन्होंने झामुमो नेता सुधीर महतो को हराया था। उस चुनाव में विद्युतवरण महतो, सुनील महतो समेत कई दिग्गज उनके विरोध में थे। वर्ष 2000 में वह इचागढ़ से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और विधायक चुने गये। 2005 में भाजपा के टिकट पर फिर इचागढ़ विस चुनाव लड़े, लेकिन पराजित हुए। उन्होंने दल के ही कुछ लोगों पर हार का ठीकरा फोड़ा और बाद में भाजपा छोड़ कर बाबूलाल मरांडी के साथ झाविमो में चले गये। 2009 में जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा के खिलाफ उन्होंने चुनाव लड़ा। पहली बार लोकसभा चुनाव में उन्हें 80 हजार से अधिक मत मिला था। 2009 में इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से झाविमो के टिकट पर वह चुनाव लड़े। उन्होंने झारखंड के तत्कालीन डिप्टी सीएम सुधीर महतो को चुनाव में हरा कर हलचल मचा दी। वह इचागढ़ से तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए। 2014 में इचागढ़ से वह झाविमो के टिकट पर चुनाव लड़े, लेकिन इस उन्हें बार हार का सामना करना पड़ा था। अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह की भाजपा में वापसी की खबरों से उनके समर्थक काफी उत्साहित हैं। कभी भी उनकी घर वापसी तय है। सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार झारखंड के आला भाजपा नेताओं से इन तीनों की बातचीत हो चुकी है। सिर्फ तारीख और दिन तय नहीं है। दिल्ली से सिग्नल मिलते ही इनकी घर वापसी हो जायेगी। वहीं कुछ और बड़े नेताओं पर भाजपा की नजर है। बंद कमरे में उन नेताओं से भी बातचीत हुई है, लेकिन अभी तक बातचीत ठोस आकार नहीं ले पायी है। इसमें सत्ताधारी दल के कुछ विधायक और एक मंत्री भी शामिल हैं।

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
12 नवंबर, 2023
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 24
दिवाली

### शुभकामनाएं

आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतको, समेत तमाम झारखंड वासियों को ज्योति पर्व दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। -प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

दीपावली के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 12 नवंबर 2023 (रविवार) को अवकाश रहेगा। अत: समाचार पत्र का अगला अंक 14 नवंबर 2023 (मंगलवार) को प्रकाशित होगा। -प्रबंधक




# 24 लाख दीयों से अयोध्या रोशन

- ड्रोन से हुई दीपों की गिनती, अपने ही रिकार्ड को तोड़ बनाया नया विश्व रिकार्ड
- राज्यपाल और सीएम ने राम-सीता और लक्ष्मण का किया राज तिलक
- 51 देशों के राजदूत भी दीपोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** दीपोत्सव पर अयोध्या जगमगा उठी। सरयू नदी के किनारे राम की पैड़ी के 51 घाटों पर 24 लाख दीप जलाये गये। वहीं लेजर लाइट के जरिये महर्षि वाल्मीकि की राम की कथा सुनायी गयी। भारत के इस आध्यात्मिक केंद्र में आयोजित सातवें दीपोत्सव में 21 लाख दीपक जला कर एक नया इतिहास बनाया गया। तीन लाख दीपक एक्स्ट्रा रखे गये थे। ड्रोन से दीपों की गिनती की गयी। 24 लाख दीपों को जलाने के लिए एक लाख 5 हजार लीटर सरसों तेल का इस्तेमाल किया गया है। इसे एक बार फिर विश्व रिकार्ड में दर्ज कराया गया है। गौरतलब है कि पहले पिछली बार सरयू तट पर 15 लाख 76 हजार दीप जलाने का कीर्तिमान गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। इस बार खास बात यह रही कि 51 देशों के राजदूत भी दीपोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे।

इससे पहले दोपहर में भगवान राम, मां सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान से रामकथा पार्क में उतरे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल बरसा कर उनका स्वागत किया। उसके बाद उन्हें तिलक लगाया और आरती की। इससे पहले सुबह रामायण के प्रसंग पर आधारित झांकी निकाली गयी। कलाकार बारिश में भीगते नृत्य करते दिखे।



## राम मंदिर के निर्माण की लोगों ने की थी इच्छा : योगी

अयोध्या (आजाद सिपाही संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब साल 2017 में दीपोत्सव कार्यक्रम शुरू हुआ था, आप सभी का उत्साह देख कर लगता था, जैसे आपका एक ही नारा था। जब मैं मंच पर भाषण देने के लिए आया था, तब आप लोगों के बीच से एक आवाज आयी थी, योगी जी एक काम करो, मंदिर का निर्माण करो। लोगों की सिर्फ एक ही इच्छा थी, राम मंदिर का निर्माण हो। वह वादा पूरा हो रहा है। अयोध्या वासियों को भगवान राम ने खुद कहा है कि वे उनके प्रिय वासी हैं, तो हमारी भी जिम्मेदारी बनती है कि जब भगवान आ रहे हों, तो 22 जनवरी को विराजमान करने के लिए उनके स्वागत की भव्य तैयारी करने के लिए खुद



को तैयार रखना होगा। योगी ने कहा कि सात साल पहले जब हमने अयोध्या का दीपोत्सव शुरू किया था, तो असमंजस की स्थिति थी। आज यह एक बड़ा कार्यक्रम और देश-दुनिया का अनोखा आयोजन बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने दीप प्रज्ज्वलन को रेखांकित किया है। हमारी पीढ़ी बेहद सौभाग्यशाली है कि भगवान रामलला यहां विराजने के लिए आ रहे हैं। योगी ने डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। अयोध्या समेत अन्य जगहों के विकास की योजनाओं और रोजगार के बारे में चर्चा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुल कर तारीफ की। भाषण के बीच लोगों से नारा भी लगवाया। उन्होंने कहा कि सत्य सनातन धर्म की, जय हो। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों का धन्यवाद किया। सभी संतों और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को बधाई और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

# पीएम 14 को ही आयेंगे रांची!

**एसपीजी की टीम ने रांची एयरपोर्ट और कार्यक्रम स्थलों का लिया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थान उलिहातू का दौरा है। वह बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर शीश नवायेंगे। वह उलिहातू में बिरसा मुंडा के परिवारजनों के साथ कुछ समय भी बितायेंगे। उसके बाद वह खूंटी में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उनके खूंटी-उलिहातू दौरे को लेकर प्रशानिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। एसपीजी और राज्य पुलिस मिल कर दोनों कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम कर रही है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा के साथ-साथ दूसरे इंतजामों में कोई कमी न रह जाये, इसको लेकर झारखंड पुलिस के अधिकारी लगातार खूंटी में कैंप कर रहे हैं। पीएम के दौरे को लेकर एसपीजी की टीम रांची पहुंच चुकी है। शनिवार को एसपीजी की टीम में रांची एयरपोर्ट और खूंटी के दोनों कार्यक्रम स्थलों का जायजा लिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अब प्रधानमंत्री 14 नवंबर की रात में ही रांची पहुंच जायेंगे। एयरपोर्ट से वह राजभवन जायेंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे। सुबह वह उलिहातू और फिर खूंटी जायेंगे। राजभवन में वह भाजपा के चुनिंदा नेताओं से बातचीत भी करेंगे। सूत्रों की मानें, तो पीएमओ की तरफ से प्रशासनिक अधिकारियों को 14 नवंबर को आने का फोन भी आ चुका है। लेकिन अभी अधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है।



### कार्यक्रम स्थल को छह जोन में बांटा गया है

पीएम की सुरक्षा को लेकर रांची एयरपोर्ट से लेकर खूंटी तक आइपीएस, डीएसपी सहित 2000 से ज्यादा अधिकारियों और जवानों की तैनाती की जा रही है। कार्यक्रम स्थल को छह जोन में बांटा गया है। हर जोन में सुरक्षा के प्रभार आइपीएस अधिकारियों के जिम्मे है। आपातकालीन स्थिति के लिए प्रधानमंत्री के लिए दो कारकेड की भी व्यवस्था की गयी है।




# पंकज मिश्रा के खिलाफ दर्ज एफआइआर को साहिबगंज पुलिस ने असत्य बताया!


**इडी इस बारे में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से पूछताछ कर सकती है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन को लेकर दर्ज एसटी-एससी कांड संख्या 6/22 को साहिबगंज पुलिस ने सुपरविजन में असत्य करार दिया है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आयी है। उधर, इडी ने नौशाद आलम को समन भेज कर 22 नवंबर को रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी इस मामले में नौशाद आलम से पूछताछ कर सकती है। इडी की पूछताछ में खुलासा हो सकता है कि एसपी ने इस केस को कैसे झूठा करार दिया। इधर सीबीआइ की भी इस मामले में जांच पड़ताल जारी है।

**विजय हांसदा ने 2022 में की थी शिकायत :** बता दें कि विजय हांसदा ने साल 2022 में साहिबगंज नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन की शिकायत की थी। कोर्ट में दायर शिकायतवाद में विजय हांसदा ने बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। वहीं दिसंबर 2022 में इस मामले में केस दर्ज किया था, लेकिन साहिबगंज पुलिस ने सुपरविजन में इस केस को असत्य करार दिया है।

**बयान से मुकर गया था इडी का गवाह विजय हांसदा :** इडी का महत्वपूर्ण गवाह विजय हांसदा बीते 12 सितंबर को कोर्ट में अपने पूर्व के बयान से मुकर गया था। विजय हांसदा बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक गवाही देने कोर्ट आ गया था, जबकि इडी ने उसको गवाही के लिए समन भी नहीं किया था। हालांकि विजय हांसदा की गवाही पूरी नहीं हो सकी थी। इससे पूर्व इस मामले में दो लोगों की गवाही दर्ज की जा चुकी है।



P.R. 311279 (IPRD) 23-24 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

# आज हर्षोल्लास के साथ मनेगी दिवाली

**प्रकाश पर्व को लेकर बाजार गुलजार**

**लोगों ने की जम कर खरीदारी**

**बच्चों में फुलझड़ी और पटाखों का दिखा क्रेज**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खुशियों का पर्व दीपावली रविवार को मनायी जायेगी। इसे लेकर शनिवार को बाजार गुलजार रहा। लोगों ने खूब खरीदारी की। मां लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियों के ज्यादा खरीदार दिखे। रविवार को भी बाजार में दीपावली को लेकर रौनक रहेगी। इससे दुकानदारों में खासा उत्साह बना है। लोगों ने अपने घरों, दुकानों और ऑफिस को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाने के लिए बल्ब और साजो सामान की जम कर खरीदारी की। लेकिन बाजारों में भीड़ है कि छंटने का नाम ही नहीं ले रही है। खासकर राजधानी रांची में दिनभर जाम लगा रहा। इसके साथ ही बच्चों में फुलझड़ी और पटाखों के प्रति ज्यादा उत्साह देखा गया। बाजार में मिठाई, फल की दुकानों पर भीड़ उमड़ी रही और वहीं लोगों ने विभिन्न प्रकार की मिठाइयों की खरीदारी की।

दिवाली यानी वह त्योहार, जो मन के अंधेरे को उजाले से रोशन कर देता है। यही वजह है कि दिवाली पर्व का हिंदू धर्म में बेहद महत्व है और हर कोई इस खुशियों के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाता है। दिवाली आसमान में फैले अमावस्या के अंधकार को दीपक के प्रकाश के माध्यम से दूर कर देती है। लोगों ने दिवाली को मनाने के लिए लगभग सभी तैयारियां कर ली हैं। गिफ्ट बांटने से लेकर घर की साफ-सफाई और सजावट तक का काम संपन्न हो चुका है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के दिन भगवान श्रीराम 14 वर्षों का वनवास काट कर अयोध्या नगरी वापस लौटे थे, तो अयोध्यावासियों ने उनके आगमन पर घी के दीये जलाये थे। ये पर्व सिर्फ भगवान राम के आगमन की खुशी में ही नहीं मनाया जाता, बल्कि प्रकाश को जीत का प्रतीक भी माना गया है। रविवार को इस बार पूरे विधि विधान के साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जायेगी। रामदेव पांडेय बताते हैं कि धार्मिक मान्यता के अनुसार माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा के बाद आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## पं. रामदेव पांडेय के अनुसार शुभ मुहूर्त

- **दीपावली-** लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, निशीथ काल में काली पूजन करें, प्रदोष व्यापिनी अमावस्या भी रविवार को है, दिन में विष्णु और रात में लक्ष्मी स्वरूप हैं। अमावस्या के दिन 2.12 बजे से लेकर रात 2.41 बजे तक शुभ मुहूर्त है।
- **नक्षत्र-** स्वाति सूर्योदय से लेकर रात 2.52 तक
- **योग-** आयुष्मान सूर्योदय से लेकर रात 4.24 तक

**महानिशा काली पूजा -रात 11.15 से रात 12.07 तक**

**दिन में शुभ चौघड़िया में पूजन मुहूर्त**

- **लाभ-** 8.47 से 10.10 बजे (दुकान और छात्रों के लिए)
- **काल-** 10.10 से 11.30 बजे ( कोचिंग स्कूल, बड़े संस्थान और गृहस्थ के लिए )
- **शुभ-** 11.30 से 12.56 बजे ( व्यापारी संस्थान ,वाहन मालिकों के लिए)

**दोपहर बाद और रात**

- **शुभ-** 5.05 से 6.42 बजे ( गृहस्थ और अन्य के लिए)
- **अमृत-** 6.42 से 8.19 बजे ( औषधि संस्थान और अन्य के लिए)
- **चर-** 8.19 से 9.15 बजे ( वाहन और कल कारखानों के लिए)
- **काल-** रात 1.23 से 2.10 बजे ( राजा, मंत्री, राजनेता, आढ़तियों और गद्दी के लिए)

**अभिजीत मुहूर्त - दोपहर 11.24 से 12.45 बजे तक**

- **प्रदोष काल -** संध्या 5.11 से 9.41 बजे तक
- **वृषभ लग्न -** 5.22 से 7.19 बजे
- ग्रहों के वर्तमान गोचर और गति के कारण वृषभ लग्न को शुद्ध करने के लिए सूर्य, गुरु, राहु और केतु का पूजन दान भी करें।
- **सिंह लग्न-** रात 11.50 से 2.04 बजे तक
- लग्न को शुद्ध करने के लिए चंद्र, गुरु, राहु और केतु का पूजन, दान भी करें।
- पूर्ववत जो समय से पूजा करा रहे हैं, वे अपने समय से ही पूजा करिये।

**13 नवंबर सोमवार**

- इस दिन सोमवारी अमावस्या है। इस दिन प्रातः दरिद्रता निकालें, राजा बलि की पूजा करें। स्त्रियां सौभाग्यवती रहने के लिए पीपल वृक्ष का 108 परिक्रमा करें।
- 14 नवंबर-अन्नकूट, गो क्रीड़ा
- 15 नवंबर- चित्रगुप्त, कलम दवात पूजा, भइया दूज



विशिष्ट एंड ग्रुप के बच्चों ने लालपुर में दीया का स्टॉल लगाया है। इससे जो कमाई होगी, उससे गरीबों की दीपावली रौशन करेंगे।

# समाजसेवी रूना शुक्ला ने दीया का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दीपावली पर समाजसेवी रूना शुक्ला ने शनिवार को रांची के कई जरूरतमंदों के बीच दीया, तेल, रुई, माचिस और मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने नामकुम, चुटिया, कडरू, लोवाडीह आदि जगहों पर जरूरतमंद लोगों के बीच दीपावली की सामग्री बांटी। समाजसेवी रूना शुक्ला ने कहा कि दीपावली पर हर किसी की कुटिया रोशन हो, इसके लिए यह प्रयास किया गया है। इस मौके पर अनुराग बनर्जी, बालक मुंडा, रशेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# रांची रेलवे स्टेशन से नक्सली आकाश नगेसिया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोहरदगा पुलिस ने भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू दस्ता के सक्रिय सदस्य आकाश नगेसिया उर्फ समेश्वर नगेसिया को रांची रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। लोहरदगा एसपी हरीश बिन जमां को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की।

एसपी ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली आकाश नगेसिया ने पूछताछ में कई जानकारियां दी हैं। इसके अलावा कई मामलों में संलिप्तता को भी स्वीकार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि 26 मार्च को सेरेंगदाग स्थित बड़का नदी में पुल निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार ने लेवी देने से मना किया था, तो उसने आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा 22 मई को लेवी नहीं देने पर हत्या करने की नियत से मुंशी पर गोलीबारी की थी। हालांकि वह बच निकला था। आकाश नगेसिया ने 11 दिसंबर 2022 को अपने सहयोगियों के साथ मिल कर स्वराज के ट्रैक्टर और रोटावेटर को उसके घर के बाहर से चोरी कर ली थी।

## एचइसी ठेकाकर्मियों ने जताया आभार

**रांची (आजाद सिपाही)।** एचइसी सप्लाई ठेका मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने भाजपा नेता विनय जयसवाल से मिल कर उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि सांसद संजय सेठ और भाजपा नेता विनय जयसवाल के अथक प्रयास से एचइसी में कार्यरत लोगों को दीपावली जैसे पर्व को मनाने का मौका मिला। उन्होंने त्योहार से पहले दो महीने का वेतन दिलाने में अहम भूमिका निभायी। इस मौके पर भाजपा नेता जयसवाल ने कहा कि एचइसी कंपनी वापस पटरी पर आ जायेगी और तीव्र गति से आगे बढ़ेगी। एचइसी एशिया में हीं नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध है और लॉचिंग पैड बना कर चांद और सूरज पर अपना पताका फहरा चुकी है। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील पांडेय, उपाध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी, महामंत्री उदय, सदस्य सुजीत, सुमन, अजय शर्मा, मोहम्मद असलम पिंकू, सुधीर चौधरी, शिवनारायण सिंह और घनश्याम ठाकुर मौजूद थे।

# ढुल्लू महतो का करीबी निकला प्रिंस का गुर्गा, एटीएस ने उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** ढुल्लू महतो के करीबी रवि चौहान को पुलिस ने शनिवार को चंदनकियारी से उठाया है। धनबाद लाकर जीटी रोड के एक थाने में उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के अनुसार रवि चौहान कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए काम करता है। रवि पिछले एक साल से फरार चल रहा था। इससे पहले दो पिस्टल के साथ रवि की फोटो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। एटीएस को मिली जानकारी के अनुसार रवि पिछले कई महीनों से प्रिंस के लिए काम कर रहा था। प्रिंस खान के पूरे कुनबे को कुचलने में लगी धनबाद पुलिस को रवि से काफी जानकारी मिलने की उम्मीद है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रवि से मिलने वाली जानकारी से प्रिंस के और कनेक्शन का पता चलेगा। जानकारी के अनुसार एटीएस ने करकेंद निवासी रवि चौहान को चंदनकियारी से शनिवार 11 नवंबर को दबोचा है।

**13 महीने से चल रहा था फरार :** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो का करीबी रवि चौहान 12 अक्टूबर 2022 को गड़ेरिया स्कूल के पास रामेश्वर तुरी और उसके भगिना पर हुई गोलीबारी में आरोपी है। पुलिस अनुसंधान में यह मामला सही साबित हो चुका है। इस गोलीबारी मामले में ढुल्लू महतो के साथ करीब 11 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इसमें एकड़ा निवासी दिनेश रवानी, सुनील राय, कनकनी निवासी रवि चौहान और करकेंद निवासी विक्की डोम, राजा डोम उर्फ सागर, करन डोम, विक्की कुमार गुप्ता, विक्की मालाकार, घोल्टु भट्टाचार्य, चुनचुन गुप्ता, राजेश रवानी शामिल थे। इन सभी आरोपियों पर ढुल्लू महतो से पांच लाख की सुपारी लेकर लोयाबाद के राजकुमार महतो और असलम मंसूरी को जान से मारने का षडयंत्र करने के साथ रामेश्वर तुरी और उसके भगिना पर गोलीबारी करने का आरोप लगा था।

# सुशील युवा जागृतिक छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा जागृतिक छठ पूजा समिति की ओर से 2001 से भव्य रूप से छठ घाट का निर्माण कराया जाता है। इसे लेकर समिति के संस्थापक राहुल चौधरी और पूर्व अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक की गयी। इसमें नयी कमेटी की घोषणा की गयी। अध्यक्ष सुशील साहू को बनाया गया। सचिव कार्तिक, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मेहता, कोषाध्यक्ष संजीव सोनी को बनाया गया। शेष कमेटी की घोषणा दो दिन के अंदर करने का निर्णय लिया गया।

# कैंब्रियन स्कूल कांके रोड में मना दीपोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड रांची में दीपोत्सव- 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आनंदमयी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसमें बच्चों ने तोरण निर्माण, दीया और रंगोली सजावट तथा चित्रकारी की आकर्षक प्रस्तुति दी। बच्चों ने मोटे अनाजों के महत्व को प्रदर्शित करते हुये कई कलाकृतियां प्रस्तुत की। मौके पर आनंदमयी सिंह ने कहा कि दीपावली का पर्व हमें न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है। बल्कि जीवन में यह नवीन, उत्साह, उमंग और ऊर्जा का भी संचार करती है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील की। चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने कहा कि बच्चों के द्वारा तैयार की गयी कलाकृतियां न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है, बल्कि इससे बच्चों में अंतर्निहित गुणों को भी एक नयी दिशा मिलती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर्ट शिक्षिका विभा कुमारी और अर्चना कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## टेट पास सहायक शिक्षकों ने झामुमो कार्यालय घेरा

# राजभवन के सामने आंदोलन जारी रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** टेट पास सहायक शिक्षकों ने शनिवार को झामुमो कार्यालय का घेराव किया। हरमू मैदान से विरोध मार्च लेकर निकले सहायक शिक्षकों को पुलिस ने झामुमो के केंद्रीय कार्यालय पहुंचने से पहले ही रोक दिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद आंदोलनरत टेट पास सहायक शिक्षक सड़क पर बैठ गये और हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाने लगे। बाद में सहायक शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय से वार्ता की। इस वार्ता के दौरान आंदोलनरत टेट पास सहायक शिक्षकों ने कहा कि सरकारी शिक्षक बनने की सभी योग्यता पूरी करने के बावजूद वेतनमान नहीं मिल रहा है। सरकार ने उन्हें पारा शिक्षक की जगह सहायक शिक्षक की उपाधि तो दे दी, लेकिन वेतनमान नहीं दिया। वार्ता के दौरान विनोद पांडेय ने कहा कि झामुमो सहायक शिक्षकों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए पुल का काम करेगा। 79 दिनों से जिलावार आमरण अनशन और राजभवन के समक्ष धरना दे रहे राज्य भर के टेट पास सहायक शिक्षकों की मुख्य मांग वेतनमान है। इसके साथ ही सहायक शिक्षकों को सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ, महिला शिक्षकों को विशेष वेतन, मातृत्व अवकाश का लाभ, सहायक शिक्षकों की मृत्यु पर अनुकंपा के प्रावधान की जटिलता को दूर करने जैसी कई मांगे हैं। सहायक शिक्षकों ने कहा कि आगे की रणनीति क्या होगी, इसकी घोषणा बाद में की जायेगी, लेकिन राजभवन के सामने टेट पास सहायक शिक्षकों का आंदोलन जारी रहेगा।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान

# मॉनिटरिंग के लिए राज्य के 15 आइएएस को जिलों की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** 15 नवंबर से शुरू होने वाली आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की निगरानी और अनुश्रवण के लिए राज्य के 15 आइएएस को जिलों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय में विभाग ने आदेश जारी किया है।

राजीव अरुण एक्का को पूर्वी सिंहभूम, अजय कुमार सिंह को रांची और धनबाद, सुनील कुमार को बोकारो, लातेहार, राहुल पुरवार को गोड्डा, अमिताभ कौशल को कोडरमा और गिरिडीह, मनीष रंजन को देवघर, जामताड़ा, राजेश कुमार शर्मा को साहिबगंज, अबू बकर सिद्दीकी को पश्चिम सिंहभूम और सिमडेगा का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रवीण टोप्पो को सरायकेला खरसावां और चतरा, प्रशांत कुमार को दुमका, पाकुड़, कृपानंद झा को पलामू और गढ़वा, मनोज कुमार को खूंटी, विप्रा भाल को लोहरदगा, चंद्रशेखर को गुमला और जीतेंद्र कुमार सिंह को हजारीबाग-रामगढ़ जिला का प्रभारी बनाया गया है। सभी पदाधिकारी जिले के उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को मार्गदर्शन भी देंगे।

## कांग्रेस पार्टी ने अबुल कलाम की जयंती मनायी

# अल्पसंख्यक विभाग ने रक्तदान शिविर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती कांग्रेस भवन में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय समेत अन्य कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही मौलाना आजाद के बहुमुखी व्यक्तित्व की चर्चा की और उन्हें राष्ट्र भक्त, शिक्षाविद् और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष ने भी रक्तदान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, उस वक्त मौलाना आजाद के नाम पर तकनीकी शिक्षा प्रारंभ करने के लिए रांची के चिरौंदी में शिलान्यास किया गया था। उन्होंने कहा कि मौलाना अबुल कलाम का रांची से विशेष लगाव रहा है। वह जब रांची में तकरीर करते थे, तो अल्पसंख्यकों के साथ-साथ अन्य दूसरे समुदाय के लोग भी तकरीर सुनने आते थे, जो मजबूत भारत को दर्शाता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मौलाना आजाद से प्रभावित होकर ही अल्पसंख्यक समुदाय ने कांग्रेस के झंडे तले स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौलाना आजाद नजरबंदी के दौरान रांची में रहे और यहां उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता पर जो कार्य किया, वह अविस्मरणीय है। मौलाना आजाद ने संयुक्त संस्कृति के माध्यम से देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनादि ब्रह्म, महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सुरेन राम, डॉ राकेश किरण महतो, जगदीश साहू, राजकुमार यादव, एस तारीक अनवर, हुसैन खान, मंजर मुजीबी, गुलाम रब्बानी, आसिफ खान, विनोद खलखो, रमजान अंसारी, फिरोज अंसारी, खुर्शीद, शहीद अंसारी, सैंकी खान, असफर, तौकिर खान, मो सफर, मो मुजीबी आदि सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।

## पासवा ने अबुल कलाम की जयंती मनायी

# आजाद उच्च कोटि की संस्थाओं के शिल्पकार थे : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर झारखंड प्रदेश पासवा ने उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मौलाना आजाद मात्र एक राजनीतिज्ञ नहीं थे, बल्कि एक अच्छे साहित्यकार, उत्कृष्ट पत्रकार, एक कुशल लेखक थे। भारत के पहले शिक्षा मंत्री होने के कारण मौलाना आजाद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। आधुनिक भारत के इतिहास में महान विभूतियों में शामिल मौलाना आजाद ने जीवन पर्यंत देश की सेवा की। मंत्री सह पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव के अलावा प्रदेश पासवा के चेयरमैन आलोक कुमार दुबे, उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू, फलक फातिमा, संजय प्रसाद, रांची महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा सहित अन्य पदाधिकारियों ने मौलाना आजाद की जयंती पर उन्हें नमन किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °C | 15.6 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.59 बजे |



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इडी से की मांग

# बिना विलंब सीएम हेमंत सोरेन पर करें विधिसम्मत कार्रवाई: बाबूलाल

**संवैधानिक पद पर रहते हुए भी हेमंत सोरेन कानून का माखौल उड़ा रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए भी हेमंत सोरेन कानून का माखौल उड़ा रहे हैं। पूछताछ करने के लिए इडी ने उन्हें पांच-पांच बार समन जारी किया, लेकिन वह इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इडी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बिना विलंब के विधिसम्मत कार्रवाई करे। मरांडी ने चाइबासा में मीडिया से बात करते हुए ये बातें कहीं।

मरांडी ने कहा कि जब राज्य का मुख्यमंत्री ही कानून का पालन नहीं करेगा, तो ऐसे में वह किसी भी अधिकारी को कानून का पालन करने को कैसे कह सकता है। फिर आम जनता से कानून पालन करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोप में इडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए एक नहीं, दो नहीं, पांच समन भेजा है, लेकिन मुख्यमंत्री लगातार उसकी अवहेलना कर रहे हैं। वह इडी के समक्ष उपस्थित होकर जवाब देने से भाग रहे हैं। ऐसे में इडी को अब तुरंत विधिसम्मन कानूनी कार्रवाई करे। अगर इडी ने ऐसा नहीं किया, तो ऐसे में जनता का विश्वास कानून से उठ जायेगा। इसलिए अब आगे और समन भेजने का औचित्य नहीं रह जाता। अब मुख्यमंत्री पर विधिसम्मत कार्रवाई होनी ही चाहिए।

मरांडी ने इडी से मांग की कि उसे जो भी संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, उसके तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में दीपावली और छठ पर कई कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने रोशनी का त्योहार दिवाली बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। छात्रों ने छठ और दिवाली के पवित्र त्योहारों को मनाने के लिए गीत और नृत्य से अपने भाव प्रकट किये। विद्यालय ने इस अवसर पर छात्रों के लिए ढेर सारी इंटर-हाउस गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने दीया सजावट गतिविधि में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। उन्होंने रंगों, मोतियों, लेस आदि का उपयोग करके दीयों को सजाया।

शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों ने इंटर-हाउस फ्लोर और टेक रंगोली मेकिंग, फ्लावर अरेंजमेंट और सलाद अरेंजमेंट प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का विषय सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल्स का पालन करते हुए दिवाली मनाना था। छात्रों ने हर्ष और आनंद की भावना बिखेरते हुए जीवंत रंगों का उपयोग करके सुंदर और आकर्षक रंगोलियां तैयार कीं। फ्लावर डेकोरेशन प्रतियोगिता के लिए छात्रों ने विभिन्न प्रकार के फूलों का उपयोग किया और उन्हें विभिन्न प्रकार के गुलदस्ते में खूबसूरती से व्यवस्थित कर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। अच्छे स्वास्थ्य और पौष्टिक भोजन के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों ने बाजरा का व्यापक उपयोग करते हुए पौष्टिक सलाद प्रस्तुत किया। चौदह वर्ष के वनवास के बाद भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण और महाबली हनुमान की अयोध्या वापसी का जश्न मनाने के लिए छोटे बच्चों द्वारा एक विशेष झांकी लगायी गयी थी। इसके साथ ही सबके चेहरों पर मुस्कान फैलाने के लिए विद्यालय के छात्रों ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिलौंग के छात्रों के साथ मिठाइयां और खूबसूरती से सजाये गये दीये साझा किये। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को दिवाली और छठ के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को सुरक्षित और आनंदमय त्योहारों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को इन त्योहारों के दौरान जरूरतमंदों तक खुशियां फैलाने के लिए कुछ पहल करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि ये छोटे लेकिन महत्वपूर्ण योगदान उन्हें देश का जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनाते हैं।

# श्री श्याम मंदिर में 86वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी। इस भोग के अतिप्रिय भजनों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान संतु भाई मानेक, योगेश मानेक एवं परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, शिव परिवार, हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। मानेक परिवार ने खाटूनरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गयी। खाटू नरेश की जयकारो जय घोष से संपूर्ण क्षेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच मानेक परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संतु भाई मानेक, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, अमित सरावगी, वेद भूषण जैन, राहुल मारू, आदित्य मारू, बसंत मित्तल, श्याम सुंदर, कौशल, कमलेश, अंकित, राजेश, मनोज खेतावत, अभिषेक सरावगी, साहित्य, पवन, मनीष वर्मा, झूलन मुंडा, उपेंद्र पांडे, सुक्रा उरांव, संजय शर्मा, अमित, अभिषेक, तरुण, नकुल, पवन, अरविंद सहित स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। उपरोक्त जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।




## दीपावली पर होगी विशेष पूजा

रांची। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में दीपावली बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। दीपावली की विशेष तैयारी एवं विशेष पूजन कार्य के लिए मंदिर के पट शनिवार को रात्रि 9:30 बजे से बंद रहेंगे। आमजनों को दर्शना के लिए रविवार को संध्या 5 बजे खुलेंगे। इस अवधि में मंदिर में विशेष पूजन कार्य एवं दीपावली उत्सव की तैयारी चलेगी। दीपावली पर्व के लिए विशेष श्रृंगार एवं सजावट के लिए कोलकाता के कारीगर दिन रात लगे हुए हैं। अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के दिशा निर्देश में संपूर्ण कार्य संचालित किया जा रहा है। वर्ष में एक बार खाटू धाम के परंपरा अनुसार दीपावली के दिन श्री श्याम बाबा मुख्य मंड में भक्तगण दीप जलाकर अपने परिवार के लिए कुशल मंगल की प्रार्थना करते हैं। मंदिर प्रांगण में ही श्याम भक्तों के लिए घी के दीपक की व्यवस्था की गई है। भक्तों से निवेदन है वह स्नान कर शुद्ध होकर मंदिर परिसर में बाबा के मंड में दीप जला सकते हैं। चमड़े का बेल्ट पर्स मौजा आदि मंड में वर्जित रहेंगे। दीपावली के विशेष श्रृंगार के लिए बेंगलुरु कोलकाता और बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से विशेष तरह के फूल मंगाए गए हैं।

# एसीबी ने अनुज और सहयोगी उपेंद्र को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** गृह रक्षा वाहिनी के जिला समादेष्टा कार्यालय में होमगार्ड की ड्यूटी 6 महीना के लिए आवंटित की जाती है। जानकारी के अनुसार जिले में आवश्यकता से अधिक होमगार्ड की बहाली की गयी है। जिसके कारण पैसा देने वाले ही होमगार्ड को ड्यूटी दिया जाता है और शेष होमगार्ड के जवान ड्यूटी नहीं कर पाते हैं। और न ही उन्हें उस समय का वेतन भुगतान किया जाता है। जबकि नियम के अनुसार सभी जवानों को बारी बारी से ड्यूटी आवंटित करना है लेकिन पैसे के बल पर नियम को ताक पर रखकर जवानों को ड्यूटी आवंटित की जाती है। और इस वसूली के लिए जिम्मेवारी निभा रहे हैं रक्षा वाहिनी के समादेष्टा कार्यालय के मुंशी अनुज प्रधान। जिसे एसीबी की टीम ने होमगार्ड के जवान से ड्यूटी देने के लिए दस नवंबर को 3000 घूस लेते रगें हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही एक अन्य जवान उपेन्द्र कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दोनों को एसीबी की टीम ने अपने साथ हजारीबाग लेकर चली गयी।

# विकास पब्लिक स्कूल पुनदाग में कई तरह की प्रतियोगिताओं आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को विकास पब्लिक स्कूल पुनदाग रांची में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता व तोरण मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधालय के छात्र छात्राओं को चार हाउस ( गांधी, तिलक, टैगोर, आजाद ) में विभाजन किया गया। वर्ग छह से दशम के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंगोली के माध्यम से अपनी- अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार,प्रधानाचार्य रेखा देवी, कोऑर्डिनेटर अंशु तिवारी ने बच्चों को बताया कि दिवाली त्योहार क्यों मनायी जाती है। इस त्योहार का महत्व क्या है। रंगोली प्रतियोगिता में टैगोर हाउस प्रथम स्थान पर संचालन श्रेया एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान पर तिलक हाउस का कब्जा रहा जिसका संचालन अनिमा एंड ग्रुप रही। वहीं तोरण मेकिंग में प्रथम स्थान आजाद हाउस तथा द्वितीय स्थान टैगोर हाउस ने हासिल की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय सचिव विकास गौरव, शिक्षकगण, संजोय पाठक, पम्मी आदर्श, सत्यम शिखा, निशा,रेशमा बेगम, सुप्रिया शर्मा, आकाश नंदी, अविनाश सिंह, विश्वजीत, शकुंतला सिंह, नेहा, अभिजीत, दीप्ती, साक्षी जायसवाल, वंदना शर्मा, बबिता का अहम योगदान रहा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कुछ जरूरी काम-काजके प्रसंग उत्साहित करेंगे, प्रभावशाली माध्यम से लाभ।

**वृष** ऑफिस में किसी तरह की मीटिंग को नजरअंदाज करने की कोशिश न करें।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा, परिश्रम-प्रयत्न से प्रतिकूल परिस्थिति अनुकूल बनेगी।

**कर्क** सामाजिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ, विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**सिंह** आज का दिन अनुकूल एवं शुभ फलदायक है, चारों ओर से लाभदायक समाचारों की प्राप्ति।

**कन्या** निराशा दूर होगी,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**तुला** परिश्रम का पूरा फल मिलेगा, मधुर वाणी व चतुराई से आप अपने काम बना लेंगे।

**वृश्चिक** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**धनु** नवीन योजनाएं कार्यान्वित होगी, वाक-पटुता और चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे।

**मकर** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।

**कुंभ** नौकरी में उन्नति, राजकीय सेवा से जुड़े लोगों का स्थानातंरण होने की संभव हो सकेगा।

**मीन** बुद्धि-चतुरता से कर्मक्षेत्र में जटिल समस्या का समाधान मिलेगा, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

# आइएमए भवन में 15 नवंबर को श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव

**डॉ प्रणव बब्बू को संरक्षक, सुनील किशोर सिन्हा अध्यक्ष और संजीव सिन्हा सचिव चुने गये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मोरहाबादी में शनिवार को श्री चित्रगुप्त महापरिवार की केंद्रीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इसमें आगामी 15 नवंबर को राजधानी के करमटोली स्थित आइएमए भवन में श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। शनिवार को केंद्रीय समिति की बैठक में डॉ प्रणव बब्बू को श्री चित्रगुप्त महापरिवार का संरक्षक, सुनील किशोर सिन्हा को अध्यक्ष और संजीव सिन्हा को सचिव चुना गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी बुधवार को आइएमए भवन में आयोजित उत्सव को भव्य और व्यापक बनाने के लिए हर उपाय किया जायेगा। इसमें आयोजित भाई भोज में तीन हजार लोगों को आमंत्रित करने एवं इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा।

बैठक में डॉ प्रणब बब्बू और डॉ एके वर्मा संरक्षक, सुनील किशोर सिन्हा को अध्यक्ष, प्रशांत कुमार, लाला लक्ष्मी लाल, प्रवीण कुमार सिन्हा, सुभाष कुमार, रमेश कुमार और डॉ संदीप कुमार को उपाध्यक्ष, अजय कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, संजीव सिन्हा को सचिव, संजीव सिन्हा, अजय कुमार, अजीत कुमार सिन्हा, प्रभात सहाय और अभिषेक कुमार मिंकु को संयुक्त सचिव चुना गया। इसके अतिरिक्त पंकज कुमार श्रीवास्तव को कार्यकारी सचिव और संजीव सिन्हा को सचिव चुना गया, जबकि अनुनय शंकर टिंकू ने संकट टिंकू को मुख्य कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

# हाइटेंशन तार की चपेट में आयी पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, दो की मौत



संजीव/ बिनोद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को जिले के परसाबाद में हावड़ा-नई दिल्ली ग्रैंड कोड सेक्शन पर ओवरहेड तार गिरने से बड़ा हादसा हो गया। घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गयी। घटना उस वक्त घटी जब 12801 अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस पुरी से नई दिल्ली जा रही थी। तभी कोडरमा के परसाबाद स्टेशन के पास रेलवे की ओवरहेड तार पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के ऊपर गिर गयी। घटना के दौरान रेलवे के पोल का एक हिस्सा पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर कर रहे एक यात्री को लगा, जिससे उसकी मौत हो गयी। वहीं परसाबाद स्टेशन पर काम कर रहे तीन-चार मजदूरों को भी झटके लगे। इसमें एक मजदूर की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी।

## मृतकों के नाम

मजदूर मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल 26 वर्षीय छवी शेख पिता कैरूल शेख व मृतक यात्री ग्राम बतासपुर, थाना बेला, जिला गया बिहार निवासी 24 वर्षीय संजय मांझी पिता बालेश्वर मांझी। मजदूर रेलवे स्टेशन के समीप नीचे फाउंडेशन का काम कर रहा था, जिसके बाद तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी।

# एमटी क्लब छठव्रतियों के बीच बांटेगा पूजन सामग्री, कार्यकारिणी गठित

रांची (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व को लेकर एमटी क्लब छठ पूजा समिति, हेहल की बैठक शनिवार को मंदिर परिसर में हुई। अध्यक्षता करते हुए क्लब के अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि इस वर्ष भी छठ घाट को विद्युत से आकर्षक सजावट की जायेगी। क्लब के द्वारा व्रतियों के लिए दूध, फल, फूल, अगरबत्ती समेत अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया जायेगा। छठ पूजा समिति की कार्यकारिणी गठित की गयी। इसमें अध्यक्ष सतीश सिंह, कोषाध्यक्ष अमित सिंह, दीपक सिंह, संरक्षक संतोष साहु, नामधारी प्रसाद, मनोज सिंह, धनंजय लाल, धनंजय सिंह, विकास सिंह, नानक प्रजापति, बसंत साहु, लक्ष्मी महतो, उमेश साहु, सरोज साहु, डॉ. विजय कुमार, रीवल साहु, उपाध्यक्ष राहुल सिंह, दीपक कुमार, ओमप्रकाश जायसवाल, सचिव प्रभात सिंह, सह सचिव अजय सिंह, अभय सिंह मीडिया प्रभारी अमेरिका कुमार, कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह, विजय कुमार, दिवाकर कुमार, छोटू तिर्की, संदीप महतो, मोहित सिंह, धनराज, प्रतीक, शिवम नमन बनाए गये हैं। बैठक के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों ने छठ घाट का निरीक्षण किया।

# न्यू काली पूजा समिति डोरंडा के पंडाल का विधिवत उद्घाटन आज



**रांची।** न्यू काली पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा में भव्य काली पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस पंडाल का विधिवत उद्घाटन रविवार को संध्या 7 बजे पांच पुरोहितों के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर विशेष रूप से रांची के सांसद संजय सेठ, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची के पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, झारखंड सरकार के प्रथम विधि मंत्री रामजीलाल शारदा, अजय नाथ शाहदेव, मुनचुन राय, भरत काशी, अमित जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, नसीम गद्दी सहित अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के प्रमुख की उपस्थिति में विधिवत उद्घाटन किया जायेगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति के संरक्षक टापू घोष, नवरत्न वाली, संजय घोष, अध्यक्ष शंभू गुप्ता, महामंत्री अजय घोष, कोषाध्यक्ष मनोज मालाकार, मीडिया प्रभारी रोहित शारदा, बापी घोष, बिट्टू घोष, दिनू सी, राहुल घोष, विक्की घोष, बाबू सोना दास, नितेश गुप्ता, अमित गुप्ता, राजू पाल सहित अन्य सदस्य अपना योगदान दे रहे हैं। रात्रि 12 बजे से माता का विधिवत पूजा प्रारंभ किया जायेगा। माता के पूजा के लिए विशेष रूप से भोग का निर्माण स्थानीय महिलाओं के द्वारा तैयार किया जाता है। पुरोहित दिनेश मुखर्जी के द्वारा विधिवत मंत्र उपचार के साथ पूजा संपन्न कराया जाता है, जो देर रात्रि दो-तीन बजे तक चलता है।

# शिक्षा के प्रकाश से जीवन जगमगायें : सुषमा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दीपावली के शुभ अवसर पर मां द्रौपदी फाउंडेशन की निदेशक सुषमा शंकर ने हातमा और बांग्ला टोली, रांची के उन होनहार बच्चों के बीच शिक्षा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके साथ सार्थक दिवाली मनायी, जो बच्चे जीवन में अच्छा करना और अच्छा पाना तो चाहते हैं पर उचित मार्गदर्शन और आर्थिक सहयोग से वंचित होने के कारण नहीं कर पाते हैं।



**भविष्य को उज्जवल बनाने का संकल्प लिया:** हर वर्ष की भांति सुषमा शंकर ने सभी बच्चों को हंस मार्ग कांके रोड में बुलाया और मिठाइयों का वितरण किया। बड़ी संख्या बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और सुषमा शंकर द्वारा बताई गई शिक्षा और संस्कार के द्वारा अपने भविष्य को उज्जवल करने का संकल्प लिया।

**शिक्षा दिलाने में देंगे यथासंभव सहयोग:** सुषमा शंकर ने बच्चों को यह भी समझाया कि अगर किसी सामाजिक और आर्थिक कारण से शिक्षा ग्रहण करने में दिक्कत आती है तो मां द्रौपदी फाउंडेशन ऐसे बच्चों को यथासंभव सहयोग करेगी।

**इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका**
ज्ञान बढ़ाओ, अंधकार भगाओ नामक इस कार्यक्रम में निशानती ,एलिना, शानू तिर्की, शुभम, आयुष, अंकित, दूर्गा जैफरेज, नमिता, रौशन, रिया, अयांश आदि करीब 70 बच्चों के साथ साथ सोमा उरांव, वैभव पांडेय, अशोक महतो, शांभवी, निहारिका आदि ने हिस्सेदारी निभाई । गुरुग्रेसिया के डायरेक्टर शंकर कुमार ने भी बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## खोया-पाया

मैं महेंद्र प्रसाद केशरी, पिता स्व. लाटो साव, ग्राम-सिमरिया। मेरा चैन सेल डीड खो गया है, जिसका सेल डीड No. है 2019/CHAT901/BKI/891 चैन सेल डीड No आफसाना अंजुम के नाम से है। ये चैन सेल डीड जिनको भी मिले वो इस पता पर लाकर दे दें। देने वाले व्यक्ति को उचित पुरस्कार दिया जायेगा। पता-ग्राम: सिमरिया पो.- सिमरिया, थाना-सिमरिया, जिला-चतरा, (झारखंड) पिन कोड-825103

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/ पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**क्रम संख्या :** 1, **ई-निविदा संख्या :** 38-GS-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** GHD-CPU अनुभाग :- GDH-CPU अनुभाग में सबवे (LHS) द्वारा लेवल क्रॉसिंग का उन्मूलन (L.C. No. 6/C/T & 55/C/E + 2 नंबर) 09 (नौ) महीने, **कार्य की लगभग लागत (रूपये में):** 10,12,12,082.88, **ब्याने की राशि (रूपये में) :** ब्याने की राशि (रूपये में) : http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** ई-निविदा बंद होने की तारीख 30.11.2023 को 17:00 बजे तक ई-निविदा खुलने की तारीख 01.12.2023 को 12:00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी

नोट : (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद
पीआर/01625/डीएचएन/इंजी०/टी/23-24/40

# दिल्ली का दम घुट रहा है

दिल्ली की हवा जहरीली होने की गंभीर समस्या से निपटने के लिए आप सरकार ने जो कदम उठाये हैं, वो अवैज्ञानिक, अप्रमाणित और यहां तक कि कब के त्याग दिये गये उपाय हैं। इसे देखकर सांस की तकलीफ महसूस कर रही दिल्ली हैरत में पड़ गयी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रजिस्टर्ड कैबों को दिल्ली में आने से रोकना, भले ही उनमें से अधिकांश सीएनजी पर चलते हों, प्रदूषण पर बहुत कम प्रभाव डालेंगे, लेकिन इससे कैब चालकों और यात्रियों दोनों को बड़ी असुविधा होगी। यह पीएम 2.5 के स्तर को कम करने के लिए उतना ही अप्रभावी है, जितना कि गलत तरीके से लागू की गयी ऑड-ईवन स्कीम। पिछले साल भी निर्माण कार्य रोक दिया गया था, लेकिन इस प्रतिबंध में सरकारी मेगा प्रॉजेक्ट्स को शामिल नहीं किया गया था। हर वर्ष ठंड के दस्तक देते ही बेमन से बनायी गयी नीति से निराशा होती है। मौसम के पैटर्न, हवा की गति और मानव गतिविधि के प्रभाव के आधार पर पूरे वर्ष के लिए योजना बनायी जा सकती है, लेकिन अक्सर लक्ष्यों के अनुरूप उचित साधनों पर विचार किये बिना नियम बनाये जाते हैं और सरकारें अक्सर नतीजों का अनुमान लगाने में विफल रहती हैं। 2020 में संपूर्ण लॉकडाउन का अचानक विस्तार करने के फैसले से शुरू हुई अभूतपूर्व प्रवासी संकट ऐसी ही एक घटना थी। सरकारों को अंदाजा ही नहीं था कि लॉकडाउन की घोषणा के बाद लाखों प्रवासी पैदल ही घर का रुख कर लेंगे। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए कोई तैयार नहीं की थी। बाद में आंकड़ा मिला कि करीब 1.14 करोड़ प्रवासियों ने पैदल मार्च किया था। यह किसी नीति के अनचाहे नतीजों के सबसे दिल दहला देने वाली मिसालों में से एक था। इस तरह के नीति-निर्माण से लंबे समय तक चलने वाली आपदा के रूप में कई तरह की पाबंदियां हमारे मुंह बाये खड़ी हो जाती हैं। हालांकि यह स्पष्ट है कि पाबंदी केवल एक राज्य की अवैध शराब अर्थव्यवस्था को पनपने में मदद करता है और अधिक लोगों को मादक पदार्थों के सेवन की ओर धकेलता है, फिर भी बिहार जैसे राज्य इसे जारी रखते हैं। महाराष्ट्र में जब कोविड के लॉकडाउन के बाद शराब की दुकानें फिर से खुलीं, तो राज्य ने एक दिन में 11 करोड़ का संग्रह किया, लेकिन पटना ने राजस्व भारी-भरकम स्रोत से मुंह मोड़ने का विकल्प चुना। इंटरनेट बंद करना ऐसी ही असफल नीति का एक और उदाहरण है, जिसमें जनता को सार्वजनिक लाभ से वंचित करने से लोगों की बढ़ी लागतों का हिसाब भी नहीं दिया जाता है। 2012 और 2023 के बीच भारत में सरकारों ने 752 इंटरनेट शटडाउन का आदेश दिया, जो दुनिया में सबसे अधिक है। अर्थशास्त्रियों की नजर से कई निगेटिव एक्सटर्नलिटीज पैदा करने वाली ऐसी नीति की एकमात्र विशेषता, यह है कि लोग, चाहे वो प्रवासी हों या इंटरनेट यूजर या फिर यात्री, सबकी लागत बढ़ जाती है। एनसीआर के कार्यालयों और घरों के बाहर धुंध की चादर और कुछ नहीं बल्कि धुंधले नीति निर्माण का ही प्रतिबिंब है।

**इंटरनेट बंद करना ऐसी ही असफल नीति का एक और उदाहरण है, जिसमें जनता को सार्वजनिक लाभ से वंचित करने से लोगों की बढ़ी लागतों का हिसाब भी नहीं दिया जाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सवाल यह है कि क्या खुशी पटाखों के द्वारा ही प्रदर्शित की जा सकती है? दरअसल दीपावली के दौरान पटाखों के प्रदूषण से दमा और ब्रोंकाइटिस से पीड़ित मरीजों की हालत बहुत खराब हो जाती है, जो लोग दीपावली पर पटाखों को रोकने के प्रयासों पर अपना विरोध जताते हैं, उन्हें दीपावली के दौरान सांस के मरीजों की हालत देखनी चाहिए। तर्कसंगत तो यह है कि हम सभी ऐसे विषयों को समुदाय और धर्म की राजनीति में न फंसा कर सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रख कर अपना व्यवहार करें।**

# खुशी में जिंदगी 'राख' मत बनाइये

रोहित कौशिक

पटाखों पर नियंत्रण के संदर्भ में कोर्ट, शासन और प्रशासन के फैसलों पर अक्सर अनेक लोग आपत्ति जताते रहते हैं। ऐसे लोग त्योहार पर पटाखों को नियंत्रित करने के फैसले को खोखला आदर्शवाद मानते हैं। ऐसे लोगों का मानना होता है कि दीपावली पर एक-दो दिन पटाखों का इस्तेमाल करने से कौन सी बड़ी आफत आ जायेगी। ये लोग पटाखों पर नियंत्रण के प्रयासों को हिंदू धर्म पर कुठाराघात और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के रूप में देखते हैं।

सवाल यह है कि क्या खुशी पटाखों के द्वारा ही प्रदर्शित की जा सकती है? दरअसल दीपावली के दौरान पटाखों के प्रदूषण से दमा और ब्रोंकाइटिस से पीड़ित मरीजों की हालत बहुत खराब हो जाती है, जो लोग दीपावली पर पटाखों को रोकने के प्रयासों पर अपना विरोध जताते हैं, उन्हें दीपावली के दौरान सांस के मरीजों की हालत देखनी चाहिए। तर्कसंगत तो यह है कि हम सभी ऐसे विषयों को समुदाय और धर्म की राजनीति में न फंसा कर सभी के स्वास्थ्य को ध्यान में रख कर अपना व्यवहार करें। इस समय तो दिल्ली-एनसीआर तथा देश के अनेक हिस्सों में खतरनाक स्तर तक प्रदूषण मौजूद है। इसलिए दीपावली के दौरान पटाखों के कारण यह और बढ़ेगा। दरअसल वायु प्रदूषण बढ़ने से सांस के रोगियों की समस्या बढ़ जाती है और स्वस्थ व्यक्ति को भी सांस संबंधी बीमारियां होने की संभावना बढ़ जाती है।

**सल्फर डाईआक्साइड की अधिकता आंखों में जलन, सिरदर्द, श्वसन संबंधी रोग, कैंसर और हृदय रोग उत्पन्न करती है।**



**दीपावली के दौरान होने वाले वायु प्रदूषण से वातावरण में हानिकारक गैसों एवं तत्वों की मात्रा आश्चर्यजनक रूप से बढ़ जाती है। दीपावली के कई दिनों बाद तक भी वातावरण में इन हानिकारक गैसों एवं तत्वों का अस्तित्व बना रहता है। पटाखों के जलने पर वातावरण में सल्फर डाईआक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है।**

इस साल दीपावली से पहले देश के विभिन्न हिस्सों में पटाखा फैक्टरियों में हुई अलग-अलग दुर्घटनाओं में अनेक लोग मारे गये। ये तो प्रकाश में आयीं कुछ बड़ी दुर्घटनाओं की तस्वीर भर है। इसके अलावा दीपावली से पहले पटाखा फैक्टरियों में ऐसी छुटपुट दुर्घटनाएं भी हुई होंगी, जिनमें लोग मारे गये या फिर घायल हुए और वे प्रकाश में नहीं आ पायीं। हर साल दीपावली के दौरान पटाखों से घायल होने या फिर मौत होने की खबरें भी अक्सर प्रकाश में आती ही रहती हैं। इस तरह की दुर्घटनाओं से पीड़ित परिवारों के लिए दीपावली खुशी की बजाय दुख का कारण बन जाती है। यह तो तस्वीर का एक पहलू है। दूसरी तरफ दीपावली के दौरान पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से सांस के मरीजों एवं हृदय रोगियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है और इन लोगों के लिए दीपावली प्रकाश की जगह अंधेरे का त्योहार बन जाता है।

दरअसल कोई भी त्योहार जहां एक ओर हमारी आस्था से जुड़ा होता है, वहीं दूसरी ओर ईश्वर और प्रकृति में हमारे विश्वास को और अधिक पुष्ट भी करता है। हमारे शास्त्रों में भी कहा गया है कि ईश्वर पृथ्वी, जल, वायु और प्रकृति के कण-कण में विराजमान है।

इस बदलते समय में जबकि प्रकृति का दोहन निरंतर बढ़ता जा रहा है, प्रकृति को मात्र परंपरावादियों के भरोसे छोड़ना सबसे बड़ी बेवकूफी होगी। इसलिए अब समय आ गया है कि हम अपने और प्रकृति के अस्तित्व के लिए दीपावली मनाने के ढंग पर पुनर्विचार करें।

दीपावली के दौरान होने वाले वायु प्रदूषण से वातावरण में हानिकारक गैसों एवं तत्वों की मात्रा आश्चर्यजनक रूप से बढ़ जाती है। दीपावली के कई दिनों बाद तक भी वातावरण में इन हानिकारक गैसों एवं तत्वों का अस्तित्व बना रहता है। पटाखों के जलने पर वातावरण में सल्फर डाईआक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है।

सल्फर डाईआक्साइड की अधिकता आंखों में जलन, सिरदर्द, श्वसन संबंधी रोग, कैंसर और हृदय रोग उत्पन्न करती है। दीपावली के दौरान वातावरण में सस्पैंडिड परटिकुलेट मैटर (एसपीएम) तथा रेस्पाइरेबल परटिकुलेट मैटर (आरपीएम) की मात्रा बढ़ने से अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं। एसपीएम से दमा, कैंसर, फेफड़ों के रोग तथा आरपीएम से श्वसन संबंधी रोग एवं हृदय रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। इस दौरान वातावरण में नाइट्रोजन डाईऑक्साइड की मात्रा आश्चर्यजनक रूप से बढ़ जाती है। नाइट्रोजन डाईऑक्साइड की अधिकता से फेफड़ों के रोग, छाती में जकड़न एवं विषाणु संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। दूसरी तरफ पटाखों में कैडमियम, लैड, कॉपर, जिंक, आर्सेनिक, मरकरी एवं क्रोमियम जैसी अनेक जहरीली धातुएं भी पायी जाती हैं। ये सभी जहरीली धातुएं भी पर्यावरण पर बहुत बुरे प्रभाव डालती हैं। कॉपर श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है।

कैडमियम गुर्दों को नुकसान पहुंचाता है, तो लैड तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। जिंक से उल्टी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं, जबकि आर्सेनिक एवं मरकरी कैंसर जैसे रोग उत्पन्न करते हैं। इसके अतिरिक्त पटाखा उद्योग में प्रयोग किया जाने वाला गन पाउडर भी हानिकारक होता है। इस उद्योग में कार्य करने वाले बच्चों पर इसके हानिकारक प्रभाव देखे गये हैं। पटाखे छुड़ाते समय आग लगने की घटनाओं से भी जान-माल का नुकसान होता है।

दीपावली के दौरान होने वाले ध्वनि प्रदूषण से जहां एक ओर मानव शरीर में अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं। वहीं दूसरी ओर पशु-पक्षियों पर भी हानिकारक प्रभाव पड़ता है। आइए कोशिश करें कि इस बार प्रदूषण रूपी अंधेरे की दीपावली सच्चे अर्थों में प्रकाशमय बने।

## जमशेदपुर की खबरें

# दीपों से जगमगाया सिदगोड़ा सूर्य मंदिर

### आतिशबाजी के साथ मनाया गया दीपोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या की तर्ज पर प्रत्येक वर्ष की भांति रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया। शनिवार को सूर्य मंदिर समिति की ओर से श्रीराम मंदिर प्रांगण व पूरे मंदिर परिसर में 11 हजार देशी घी के दीये जलाए गए। शनिवार को ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। राज्यपाल श्री दास ने मंदिर समिति के सदस्यों के संग दीपक जलाकर दिपावली की खुशियां साझा की। इस दौरान हजारों की संख्या में जले दीपों से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठे। चारों तरफ दीप ही दीप नजर आ रहे थे और ऐसा लग रहा था अमावस्या की काली रात को दीपों की रोशनी ने पूर्णिमा की रात में बदल दिया गया।महामहिम राज्यपाल रघुवर दास ने मंदिर परिसर में पहला दीपक जलाया और धीरे धीरे दीपों की सुंदर कतार सज गयी। इस विशेष अवसर पर महिलाओं ने कई सुदंर रंगोली बनाकर दीपक सजाए। वहीं उपस्थित मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने दीपक सजाकर एवं शानदार आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। इससे पूर्व महामहिम राज्यपाल रघुवर दास ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित झारखंड वासियों को दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुभकामनाएं व्यक्त कर सभी के सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना की। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कुम्हार द्वारा निर्मित मिट्टी के दीये सहित स्थानीय उत्पादों के अधिक से अधिक प्रयोग में लाकर गरीब वर्गों की दीपावली खास और खुशहाल बनाने की अपील की। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, सूर्य मंदिर के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, लक्ष्मीकांत सिंह, अखिलेश चौधरी, अमरजीत सिंह राजा, रूबी झा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, प्रेम झा, कंचन दत्ता, कृष्ण मोहन सिंह, प्रमोद मिश्रा, देवेंद्र सिंह, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, टुनटुन सिंह, सुशांत पांडा, बबुआ सिंह, खेमलाल चौधरी, ज्ञान प्रकाश, संतोष ठाकुर, सुरेश शर्मा, बबलू गोप, संदीप शर्मा बौबी, धर्मेंद्र प्रसाद, नारायण पोद्दार, अमित अग्रवाल, कुमार अभिषेक, सतवीर सिंह सोमू, संतोष कुमार, रॉकी सिंह, मिथिलेश साव, काजू शांडिल, गौतम प्रसाद, राम सिंह मुंडा, अमित सिंह, विक्रम चंद्राकर, अनमोल वर्मा, निर्मल गोप, सन्नी रॉय, आशुतोष कुमार, विराट कुमार, लखी कौर, मुक्ता नामता, आरती यादव, मधु, सुनीता देवी, नीलम देवी, मीरा झा, साकेत कुमार, विजय गौंड, रविशंकर तिवारी, सूरज कुमार उपस्थित रहे।

# चाइबासा पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी



**चाइबासा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संगठनात्मक बैठक में शामिल होने शनिवार को चाईबासा पहुंचे। जिला कार्यालय में उन्होंने सभी मंडल अध्यक्ष तथा सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर खूंटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की तैयारियों को लेकर जिले में की जा रही तैयारी का जायजा लिया।

# रेलवे ट्रैक से शव बरामद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटानगर रेलवे स्टेशन के पार्सल गेट के समीप सात नंबर रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद किया गया। शनिवार को सूचना मिलते ही आरपीएफ व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मेकॉन लिमिटेड कंपनी में ठेका मजदूर 34 वर्षीय शिव शंकर कुमार के रूप में की गयी। रेल पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। बताया जा रहा है युवक बिहार के वैशाली जिला का रहने वाला था। मौके पर टाटानगर आरपीएफ पोस्ट प्रभारी संजय कुमार तिवारी ने बताया शव रेलवे ट्रेक से शव बरामद होने के बाद जांच कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# विधायक ने काली पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत हरहरगुट्टू बड़ा तालाब के पास श्री श्री काली पूजा समिति व महेंद्र युथ क्लब द्वारा भव्य काली पूजा का आयोजन किया गया। शनिवार को काली पूजा पंडाल का उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। मौके पर पूजा कमेटी के द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने फीता काटकर पुजा पंडाल का उद्घाटन किया। साथ ही मां काली के समक्ष माथा टेक कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। इस अवसर पर पूजा कमेटी के सदस्यगण, झामुमो के गणमान्य नेता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# संजीव सरदार ने छठ घाट का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के पूर्व साफ सफाई को लेकर विधायक संजीव सरदार ने तैयारी शुरू कर दी। शनिवार को विधायक ने बीडियो, सीओ व जुस्को के महाप्रबंधक व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ दो पहिया वाहन से बागबेड़ा बडौदा घाट पुलिया, खरकाई नदी, कुसुम घाट, पत्थर घाट सहित आसपास के क्षेत्र का सघन दौरा किया। विधायक संजीव सरदार ने खरकाई नदी के आसपास कचरो के अंबार को हटाने के लिए जुस्को के महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा, सच्चिदानंद महतो एवं अंचल पदाधिकारी मनोज कुमार को त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर झामुमो जमशेदपुर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर किस्कू, बागबेड़ा कॉलोनी इकाई अध्यक्ष अजीत सिंहा, बागबेड़ा मध्य इकाई अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, सुशील यादव, उप मुखिया संतोष ठाकुर उपस्थित रहे।

# एकलव्य संस्था ने बांटा दीपावली का उपहार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एकलव्य संस्था के प्रतिनिधि ने शनिवार को दीपावली के पूर्ण संध्या बागबेड़ा ट्राफिक कॉलोनी स्थित संजय नगर के गरीब जरूरतमंद परिवारों के बीच खुशियां मनाने के लिए उपहार का वितरण किया। संस्था ने संजय नगर पहुंच कर दीपावली से जुड़ी सामग्री में मिट्टी के खिलौने, दिया, तेल, मिठाई व अन्य चीजों का उपहार पैक बना कर बच्चों के बीच वितरण किया। मौके पर बागबेड़ा के कन्हैया प्रसाद, कुमार विकाश, राजेश गुप्ता, अभिमान्यु दास, अभिषेक तिवारी, देवेंदर पात्रों, निमाई पात्रों मिथिलेश मौजूद रहे।

# विधायक ने छठ घाट का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महा पर्व छठ पूजा नजदीक आते ही विधायक मंगल कालिंदी ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर जायजा लेने में जुट गए है। शनिवार को विधायक ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत गदड़ा फकिर टोला स्थित ढापु तालाब का निरीक्षण किया। मौके पर छठ घाट निर्माण हेतु झामुमो नेता बिस्वजीत भगत व बिरजु पात्रो के नेतृत्व में चल रहे साफ सफाई कार्य की जानकारी ली। विधायक ने वास्तव स्थिति से अवगत होते हुए कई दिशा निर्देश दी। विधायक ने छठ पूजा आने से पूर्व कार्य पूरा हो इसके लिए झामुमो कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो नेता मनोज यादव, विकास स्वर्णकार, राकेश सिंह, मुन्ना चौधरी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने कृषि विभाग के कर्मियों के साथ की बैठक

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी प्रखंड कार्यालय मे अंचल अधिकारी सह बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने सरसों का उन्नत बीज किसानो के बीच शत-प्रतिशत अनुदान पर वितरित करने के लिए शुक्रवार को कृषि विभाग के कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक मे बीएओ अंबुज कुमार बीटीएम धनंजय कुमार सिंह से बीडीओ ने सरसों बीज का आवंटन से संबंधित जानकारी लिया। बीटीएम ने बीडीओ को बताया की सरसो का बीज पंचायत के एक ही गांव का चयन कर प्रगतिशील किसानों की सुची बनाकर वितरण करने के लिए कहा है। इस बैठक मे जिप सदस्य सुनीता कुमारी प्रमुख शांती देवी उपप्रमुख धर्मेंद्र यादव बीएओ अंबुज कुमार मुखिया महबूब अंसारी सगुनी राम बीडीसी कृष्ण सिंह, किसान मित्र, रामभरोसा राम उपस्थित थे।

# गोली लगने से युवक की मौत

**युवक की मौत हुई या हत्या पुलिस कर रही है मामले की छानबीन**

आजाद सिपाही संवाददाता


युवक का फाइल फोटो

**गढ़वा।** गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के लगमा गांव के एक बांध के पास संदिग्ध अवस्था में एक युवक गोली लगने से अचेतावस्था में घायल पड़ा मिला। जिसे पुलिस द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के लगमा गांव निवासी श्रवण ठाकुर उर्फ रमेश ठाकुर के पुत्र सोनू ठाकुर 16 वर्ष के रूप में किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में परिजनो ने बताया कि शनिवार की सुबह सोनू सोकर जागने के बाद घर से बाहर शौच के लिए निकाला था। अचानक एक घंटा बीत जाने के बाद गांव के ही एक व्यक्ति बांध की ओर शौच करने के लिए गया हुआ था। जहां उस व्यक्ति ने सोनू ठाकुर को घायल अवस्था में पड़ा हुआ देखा। सूचना के तत्काल बाद आसपास के लोगों ने पुलिस के सहयोग से घायल अवस्था में उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इधर परिजनों का कहना है कि सोनू ठाकुर की किसी ने गोली मार कर हत्या कर दी है और आत्महत्या का रूप देने के नियत से पिस्टल भी वहीं छोड़कर फरार हो गये है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक को गर्दन से जबड़े के पास गोली लगी है।

**स्टेशनरी की दुकान था मृतक का:** मृतक सोनू ठाकुर का लगमा स्टैंड में स्टेशनरी और शादी कार्ड की छपाई की दुकान था। सोनू ठाकुर और उसके पिता उसे दुकान को मिलजुल कर चलते थे। घर वालों ने सोचा कि सोनू ठाकुर सुबह जागने के बाद दुकान की ओर गया होगा। लेकिन कुछ देर के बाद परिजनों को सोनू की गोली लगने की खबर मिली।

**गांव में लक्ष्मी पूजा की हो रही थी तैयारी:** गांव के लोगों ने कहा कि गांव में लक्ष्मी पूजा की तैयारी चल रही थी। गांव में लक्ष्मी गणेश की मूर्ति स्थापित की जाती है। इस बीच अचानक गोली चलने की आवाज सुनायी दिया। इसके बाद गांव में सनसनी फैल गयी।

इस संबंध में पुलिस के पदाधिकारी ने बताया कि लगमा गांव में एक युवक के घायल अवस्था में पड़ा हुआ मिला है। इसके बाद पुलिस ने तत्काल ग्रामीणों के सहयोग से उसे उठाकर इलाज के लिए सदस्य अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस के पदाधिकारी ने बताया की गोली लगने से उसकी मौत हुई है। लेकिन यह आत्महत्या है या हत्या पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# दस हजार छठव्रतियों के बीच पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह करेंगे पूजा सामग्री का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढवा।** पूर्व मंत्री सह भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिनाथ सिंह द्वारा छठ व्रतियों के बीच प्रसाद और कपड़ों का वितरण किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए गिरीनाथ सिंह ने कहा कि गढ़वा - रंका विधानसभा क्षेत्र के सभी छठ घाटों पर छठ व्रतियों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से छठ पूजा का अवसर पर छठ व्रतियों के बीच प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

इस वर्ष दस हजार से अधिक छठ व्रतियों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को गढ़वा, डंडा व मेराल कार्यकर्ता को अपने आवास पर बुलाया है। कार्यकर्ताओं को अपने पंचायत में प्रसाद बांटने के लिए दिया जायेगा। इसके अलावा 17 नवंबर को रंका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान रंका, रमकांडा व चिनियां प्रखंड के कार्यकर्ताओं के बीच प्रसाद दिया जायेगा। उसके बाद कार्यकर्ता अपने-अपने सभी छठ घाट पर पहुंचकर छठ व्रतियों के बीच प्रसाद वितरण करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था का पर्व है। इसमें छठवर्ती तीन दिन का उपवास रहकर भगवान भास्कर को अर्ध्य देने का काम करते हैं। इस पावन पर्व में जरूरतमंद के अलावा सभी छठव्रतियों की बीच नारियल, कपड़े और प्रसाद अन्य सामग्री वितरित किये जायेंगे। मौके पर संजय कांस्यकार, अरविंद तिवारी, भोला चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

# रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददता



**गढ़वा।** डीएवी मॉडल स्कूल गढ़वा में बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर ग्रुप में गोल्डी कुमारी, माही कुमारी, नीतू कुमारी, वैष्णवी कुमारी, अमृता कुमारी, प्रज्ञा राज, माही कुमारी, कृतिका कुमारी,पीहू कुमारी,अनुराधा, रिया और अनुष्का कुमारी की रंगोली को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ जबकि दीक्षा कुमारी समीहा, आलिया खातून, आलिया परवीन और नेहा कुमारी को द्वितीय तथा रानी कुमारी, रिया कुमारी, ग्रेसी कुमारी, पीहू कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं जूनियर ग्रुप में माही कुमारी, सलोनी कुमारी, रागिनी कुमारी, पलक कुमारी, आशा कुमारी और सोनाली कुमारी के रंगोली को प्रथम, शिवानी कुमारी, अराधना कुमारी, अंशिका कुमारी, जेबा जाफरीन की रंगोली को द्वितीय तथा निधि, सोना, अंजलि, गुनगुन, भावना, आद्या, नंदिता, उपासना और आलिया के ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली के माध्यम से अपनी भारतीय संस्कृति को दिखाने का बहुत सुंदर प्रयास किया है जिसमें अनुराधा गुप्ता, रिया कुमारी, प्रज्ञा राज, माही कुमारी, कृतिका कुमारी, पीहू कुमारी, अनुष्का कुमारी ने भगवान राम और सीता का बड़ा ही सुंदर रंगोली प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं की भूमिका भी काफी सराहनीय रही। निदेशक सुशील कुमार केसरी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं और बधाई दी। प्राचार्य गुलाम सरवर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सबके जीवन में अज्ञान रुपी अधूरा दूर हो और ज्ञान का प्रकाश फैले।

## दिवाली के अवसर पर दीया, सरसों तेल और मोतीचूर लड्डू के पैकेट का वितरण किया




**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के द्वारा स्थानीय जोड़ा पुल पर पत्तल दोना बेचने वाले गरीब महिलाएं, रिक्शा चालक, ठेला चालक और मजदूरों के बीच दिवाली के शुभ अवसर पर दीया, बाती, सरसो तेल, चॉकलेट और मोतीचूर लड्डू का पैकेट का वितरण गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन के पूर्व स्पेशल कमेटी सदस्य विजय केसरी फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एम पी केसरी फेडरेशन 8 के वर्तमान उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर पदाधिकारियो ने कहा कि जायंट्स त्यौहार में भी गरीबों, जरूरतमंदों के साथ सुख-दुख का हिस्सेदार बनती है। हर मौके पर जरूरतमंदों को कुछ न कुछ प्रदान कर उनके त्यौहार की खुशियां बढ़ाने में हम सदा भागीदार रहते हैं। जायंट्स की ओर से बांटे गए उपहार पाकर जरूरतमंद के चेहरे की खुशी देख असीम संतुष्टि मिलती है। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे जायंट्स के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता जायंट्स सदस्य मनदीप प्रसाद, रविंद्र केसरी, सृजन आनंद, अनंत दुबे आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# आनंद, उत्सव और स्वागत का प्रतीक है रंगोली: निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉनवेंट (10+2) स्कूल में दीपावली के पूर्व संध्या पर रंगोली और दीप सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगेऔर मनमोहक रंगोली बनाकर अपनी कुशल कला और कौशल का प्रदर्शन किया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने कहा कि रंगोली भारत की प्राचीन और लोकप्रिय लोक कला है। लोग सौभाग्य लाने के लिए अपने घरों के प्रवेश द्वार पर रंगोली बनाते हैं जिसमें रंगीन पाउडर, चावल, रेत या फूलों की परखुड़ियों का उपयोग करते हैं। यह घर में देवी देवताओं का स्वागत करने का एक तरीका है। रंगोली अक्सर दिवाली, पोंगल और ओणम जैसे त्योहारों के दौरान बनायी जाती है जो उत्सवों में रंग और आनंद जोड़ता है। रंगोली की कथा भारतीय लोगों की रचनात्मक और कलात्मक कौशल को प्रदर्शित करती है, जिससे यह एक पोषित परंपरा बन जाती है जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्राचार्य बसंत ठाकुर शिक्षक उदयप्रकाश, खुर्शीद आलम, संजीव कुमार, मुकेश कुमार भारती, अजय कुमार, वीरेंद्र गुप्ता, सरिता दुबे, नीरा शर्मा, रिजवाना शाहिन, निलम कुमारी,शिवानी कुमारी, सुषमा तिवारी, सुनिता कुमारी, संतोष प्रसाद एवं अन्य की भूमिका सराहनीय रही।

# यूथ हेल्पिंग टीम ने दीपावली पर गरीब असहाय के बीच सराहनीय कार्य किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** यूथ हेल्पिंग टीम के द्वारा छोटी दीपावली के अवसर पर राजमा और चावल वार्ड नंबर 13 भइयाँ टोली गरीब असहाय के बीच चावल राजमा वितरण करने का कार्य किया और सभी टीम के युवा साथी दिया और पटाखा देकर दीपावली मनाने के लिए सामग्री उपलब्ध कराये। पूरी टीम के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है, अभी कुछ दिन पूर्व इनके द्वारा गरीबों के बीच में फल और कपड़ा वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक सभी युवा टीम के लड़के मुख्य रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप को भोजन वितरण कार्यक्रम में बुलाया। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा बहुत खुशी की बात है कि आज के युवा गरीबों का सेवा करने के लिए आतुर है और मुख्यधारा से जुड़े है। मंडल अध्यक्ष उमेश जोशी ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज के युवा गरीबों का सेवा करने के लिए आतुर है और मुख्यधारा से जुड़े है।

**इस उम्र में युवा साथ ही गलत रास्ता भी अपनाते हैं:** कार्यक्रम में उपस्थित कुसल केसरी मोहित कश्यप अभिषेक गुप्ता मौर्य अंकुर आदित्या मोरया सोनू रहमान और रोहित यादव राकेश कुमार सुजीत पासवान प्रिंस गोस्वामी समीर खान ने ही गलत रास्ता भी अपनाते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित कुसल केसरी मोहित कश्यप अभिषेक गुप्ता मौर्य अंकुर आदित्या मोरया सोनू रहमान और रोहित यादव राकेश, सुजीत, प्रिंस गोस्वामी समीर खान आदि अन्य लोग थे।

## दीपावली पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगोली और परिधान प्रतियोगिता आयोजित



कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किशुनराज पब्लिक हाई स्कूल बलियारी में छात्र-छात्राओं के मध्य दीपावली पूजा को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, नाट्य मंचन व परिधान प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। इसके साथ विद्यालय के दसवीं के विद्यार्थियों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी प्रदर्शित किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक विज्ञान के मॉडल के माध्यम से उसके कार्यप्रणाली को सभी को विस्तृत रूप से समझाया। प्रदर्शनी में कक्षा दसवीं के आशुतोष कुमार दुबे व वरुण कुमार ने जेसीबी का मॉडल बनाकर उसके कार्यप्रणाली को समझाया वंही आदर्श दुबे, नीरज कुमार व रिशु ने चंद्रयान-3 के मॉडल को दिखा कर लोगों को उसके महत्व को बताया उससे भारत को क्या लाभ मिलेगा यह भी समझाया। वंही कक्षा नौवीं व दसवीं के बच्चों ने सामुहिक रूप से रामायण के चंद्रभान वध का नाट्य का मंचन किया जिसमें बच्चों ने भगवान व भक्त के मध्य युद्ध कैसे हुआ इसे दिखाया। मौके पर विद्यालय के सचिव आनंद प्रकाश दुबे ने सभी बच्चों व अभिभावकों को दीपावली की शुभकामनाएं दिया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक के साथ सोनू दुबे, धीरज तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# आरके पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** प्रकाश पर्व-दीपावली के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगोली, दीया सज्जा और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। स्कूल के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक रंगोली बनायी गयी। रंगोली और पोस्टर के द्वारा बच्चों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामना भी दिया। भगवान राम, लक्ष्मण, मां सीता, गणेश, माता लक्ष्मी, चंद्रयान तीन, स्वास्तिक, मयूर आदि को आधार बनाकर आकर्षक रंगोली बनाकर बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा बनाये गये पोस्टर और रंगोली का निरीक्षण स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय और सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी किया। स्कूल के निदेशक ने सभी लोगों को दीपावली की शुभकामना देते हुए बच्चों को बम पटाखे का प्रयोग कम से कम एवं सावधानी से करने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाये गये पोस्टर और रंगोली की प्रशंसा की और ग्रुपवाइज बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करने की बात कही।

**15 नवंबर को झारखंड राज्य स्थापना पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन**

# उपायुक्त ने बैठक और स्थल निरीक्षण कर पदाधिकारियों को दिये कई आवश्यक निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आगामी 15 नवंबर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक कर कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की गयी। बैठक में गोविंद हाई स्कूल टाउन हॉल के मैदान में कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों को एकजुट होकर कार्यक्रम की तैयारी में अपना योगदान देने का निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल पर टेंट की व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल, विद्युत, साउंड सिस्टम, बैनर पोस्टर, बैठने की व्यवस्था, मीडिया गैलरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत गान, परिस्थितियों का वितरण, शिलान्यास/उद्घाटन समेत अन्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खेलकूद विभाग, श्रम विभाग, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, बैंक, आपदा प्रबंधन, परिवहन विभाग, एनआरईपी, आरईईओ और अन्य विभागों को स्टॉल लगाकर आमजनों को सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में जागरूक करने को लेकर निर्देशित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत गान और मंच संचालन को लेकर भी उपायुक्त ने जेएसएलपीएस समेत अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने टेंट, स्टेज, मीडिया गैलरी, आमजनों के बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। उक्त बैठक एवं कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा अवध कुमार यादव समेत विभिन्न विभागों के सभी वरीय पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, अंचल अधिकारी गढ़वा वअन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पशु क्रूरता अधिनियम प्रावधान के अनुपालन और क्रियान्वयन को लेकर समिति गठिन करने का निर्णय

**राज्य सरकार ने पशु क्रूरता अधिनियम 190 के प्रावधानों के अनुपालन और कार्य कार्यान्वयन के निमित राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड झारखंड के जिला में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड अंतर्गत गढ़वा जिला में पशु क्रूरता निवारण समिति का गठन करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपयुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें जिला पशुपालन पदाधिकारी गढ़वा विद्या सागर सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक की कार्यवाही आरंभ की गयी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पशु क्रूरता अधिनियम 190 के प्रावधानों के अनुपालन और कार्य कार्यान्वयन के निमित राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड झारखंड के जिला में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा पशुओं के प्रति क्रूरता को दृढ़तापूर्वक रोकने के उद्देश्य से पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 38(1) के आलोक में गठित पशु क्रूरता निवारण नियमावली 2000 के नियम- 03 के अनुसार जिला में पशु क्रूरता निवारण समिति का गठन किए जाने की स्वीकृति दी गयी। जिसके आलोक में आज के बैठक उक्त समिति का गठन किया गया। मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी ने निदेशक पशुपालन -सह- सदस्य सचिव राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड झारखंड रांची द्वारा निर्गत पत्रों में निहित निदेशों को पढ़कर लोगों को बताया गया। मौके पर उपस्थित गौशाला समिति के सचिव और सदस्यों को सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्य करने की बात उपायुक्त द्वारा कही गयी। पशुओं को रखने हेतु पर्याप्त जगह की व्यवस्था व चारा पानी आदि की व्यवस्था समय पर उपलब्ध कराने संबंधी निदेश दिए गए। आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने संबंधी भी चर्चा की गयी, जिसके तहत कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद और गौशाला समिति के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि आवारा पशु मिलने पर उसे गौशाला में रखा जाए एवं उनके वास्तविक पशुपालक को हिदायत के साथ आर्थिक दंड लेते हुए पशुओं को देने की बात कही गयी। पशु कल्याण और क्रूरता निवारण विषय पर प्रत्येक माह कम से कम एक सेमिनार, प्रदर्शनी या शिविर का आयोजन करने, पशुओं के परिवहन खरीद बिक्री और बध से संबंधित व्यापारियों और उनके कर्मचारियों के ओरियेंटेशन कोर्स का आयोजन तथा उक्त विषय से संबंधित कानून के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक पांडे, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी-सह-सदस्य सचिव विद्यासागर सिंह, जिला पशु शल्य चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, गढ़वा सुशील और जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कल्याणपुर में सड़क जाम की



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कल्याणपुर चौक में ग्रामीणों ने रोजगार की मांग को लेकर शनिवार को सड़क जाम किया। ग्रामीणों ने आम्रपाली से सीएचपी तक कोयला ढुलाई के कार्य को बाधित कर दिया। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले रोजगार मुहैया करवाने को लेकर महिलाओं द्वारा सड़क जाम किया गया था, जिसके बाद प्रशासन द्वारा समझा बूझाकर कुछ दिनों का समय मांगा था, लेकिन कोई पहल नहीं होने के बाद ग्रामीण आक्रोशित होकर पुनः उक्त मार्ग पर सड़क जाम कर कोयला ढुलाई का काम बंद कर दिया। इसकी सूचना पाकर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी मौके पर पहुंच गई। करीब 8 घंटे के बाद टंडवा प्रमुख रीना कुमारी की पहल पर महिलाओं एवं ट्रांसपोटिंग कंपनी के बीच वार्ता कर ट्रांसपोटिंग कंपनी एवं ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित कर रोजगार मुहैया करवाने पर सहमति बनाई गई। जिसके बाद सड़क जाम को हटाया गया।

## प्रस्तावित पिपरवार विकास विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के आदर्श युवा सेवा संघ की ओर से संचालित प्रस्तावित पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में विज्ञान प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत महतो और संचालन चंदन कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि मुखिया संगीता देवी के अलावा उप मुखिया ललिता देवी, अंगद महतो, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष विजय कुमार महतो, पूरन महतो और शिवनाथ महतो उपस्थित थे। इस विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा चंद्रयान-3 सहित पर्यावरण प्रदूषण, जल शुद्धिकरण यंत्र, सौर ऊर्जा यंत्र, पर्यावरण संरक्षण, एटीएम मशीन, बीज अंकुरण विधि, ज्वालामुखी, पवन चक्र की लगाई गई, जिसका अवलोकन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित चंद्रयान-3 की अतिथियों ने खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय कुमार, भुवनेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, अभय टोप्पो, प्रेमचंद मिंज, राजेश महतो, सुलेखा कुमारी, ललिता कुमारी, तारा कच्छप, सरिता कुजूर, निलम साय और पिंटू कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में शनिवार को दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से कक्षा 10वीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा को निखारते हुए एक से बढ़कर एक रंगो से कई आकृतियां बनाई जो काफी आकर्षक था। प्रधानाचार्या टाका नारो जमीर ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के कार्यक्रम होते रहने से बच्चों में प्रतिस्पर्धा बनी रहती है। वहीं, स्कूल प्रबंधन मोहम्मद साहिल ने कहा कि बच्चो में सभी प्रकार की कला का विकास हो इसलिए समय-समय पर प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। इस दौरान छात्रों द्वारा बनाए गए रंगोली का आकलन किया गया, जिसमें दो ग्रुप में इसे बांटा गया। ग्रप ए में कक्षा नर्सरी प्रथम, कक्षा एलकेजी द्वतीय, कक्षा यूकेजी तृतीय और ग्रुप बी में कक्षा पांच प्रथम, कक्षा सातवी द्वतीय, कक्षा आठ तृतीय स्थान पर रही। सभी बच्चो को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लपरा में छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तृतीय से अष्टम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापिका नेहा प्रसाद ने पुरस्कृत किया। मौके पर उषा चौधरी, गिता गिरि, कमल नाथ महतो, नागदीप यादव, सबीना खातून, ममता गुप्ता, मनीषा गुप्ता, मारग्रेट सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बिरसा जागृति मध्य विद्यालय में दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिरसा जागृति मध्य विद्यालय में दीपावली पर रंगोली प्रतियोगिता एवं दिया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं दिया को भी काफी सुंदर तरीके से रंग दिया गया था। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल पुष्पा विष्वकर्मा, शिक्षक नरेश विष्वकर्मा, शिवा कुमारी, पूजा कुमारी आदि मौजूद थे।

## आंबेडकर पार्क में मना ज्ञान दीपदान उत्सव

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा स्थित आंबेडकर पार्क में शनिवार की शाम रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर एवं एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के तत्वाधान में ज्ञान दीपदान उत्सव मनाया गया। सबसे पहले आरपीआई अंबेडकर एवं एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के लोगों ने बारी-बारी से डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पूरे पार्क में दीप जलाकर प्रकाशमय किया गया। अनिता एक्का ने कहा कि आज के ही दिन बौद्ध धम्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध जब 17 वर्ष के बाद अनुयायियों के साथ अपने गृह नगर कपिल वास्तु लौटे तो उनके स्वागत में लाखों दीप जलाकर ज्ञान दीपदान उत्सव मनाया गया था। वहीं एसटी एससी ओबीसी एकता मंच के कोषाध्यक्ष कन्हाई पासी ने बताया कि दीपदान उत्सव अमावस्या को मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन तथागत गौतम बुद्ध ज्ञान प्राप्त कर कपिलवस्तु वापस आए थे। सम्राट अशोक ने अपने राज्य में घोषणा की कि 84 हजार स्तंभों पर कार्तिक अमावस्या की दीप जलाए जाएंगे। इस मौके पर अमरलाल सतनामी, अनिता एक्का, षंभुनाथ गंझू, श्याजी महतो, जगदीष गंझू, नित्यानंद कुमार, रामेश्वर शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थिति थे।

### बुंडू टोल प्लाजा के पास भाजपा ने ओड़िशा के राज्यपाल का किया स्वागत

# मोदी सरकार की दुनिया मान रही लोहा: रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** भाजपा नगर मंडल और ग्रामीण मंडल की ओर से शनिवार को बुंडू टोल प्लाजा के निकट ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल रघुवर दास ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। साथ ही केंद्र सरकार की जमकर सराहना की। कहा कि केंद्र में एक मजबूत सरकार काबिज है। मोदी सरकार को लोहा वर्तमान में दुनिया के सभी देश मान रहे हैं। आने वाले समय में भारत विश्व में मजबूत स्थान रखेगी। भारत विश्व गुरु के रूप में दुनिया का संचालन करेगा। इस मौके पर कपिल महतो, अर्जुन महतो, गणेश कुमार, बंटी चौधरी, राजकुमार महतो और रेखा देवी सहित सैकड़ों भाजपाई मौजूद थे।



## वाहन के धक्के से अधेड़ व्यक्ति की हुई मौत

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र में सप्ताहिक डोरया बजार में पिकअप की चपेट मे आने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान श्रीपति मुंडा के रूप में हुई है। वह सेरेंगहातु का रहने वाला था। मृतक जरुरी समान खरीदने के लिए डोरया बजार गया था। वहां से शाम 6.30 बजे अपने गांव सेरेंगहातु लौट रहा था। तभी पुरनानगर जा रहे नगेन साहू के राशन से भरे पिकअप की चपेट में आने से श्रीपति मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद वाहन चालक वहां से भाग निकला। उधर, ग्रामीणों ने अड़की पुलिस को घटना की सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर थाना ले गयी। शनिवार को शव का पोस्टमाटर्म कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

## धमधमिया में बिरसा मुंडा जयंती की तैयारी शुरू

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिरसा विस्थापित मंच के तत्वावधान में 15 नवंबर को बिरसा चैक धमधमिया में भगवान बिरसा मुंडा जयंती की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इस संबंध में आयोजन समिति के रमेशर भोगता एवं उमेश लोहरा ने बताया कि जयंती कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से जारी है। इसमें मुख्य अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार और विशिष्ट अतिथि पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी नरेश सिंह, रोहिणी पीओ जेके सिंह, केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिला परिषद सदस्य पश्चिमी सरस्वती देवी, पूर्वी जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन, टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव, रैयत विस्थापित मोर्चा एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, तुमांग मुखिया संतोष महली, सरना एकेडमी निदेशक महेंद्र उरांव आदि रहेंगें।

## तमाड़ में भविष्य के लिए तैयार हो रहे बेहतर खिलाड़ी: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** शहीद रमेश सिंह मुंडा स्मारक खेल 2023 महोत्सव का समापन शनिवार को हुआ। विधायक ने कहा कि तमाड़ विधानसभा के खिलाड़ियों को यह महोत्सव एक मंच प्रदान कर रही है, जहां से खिलाड़ी भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं। टीटीसी मैदान में पुरस्कार वितरण किया गया। टीटीसी मैदान पर संस्कृत रंगारग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बुंडू एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो, प्रदीप मुंडा, कालेश्वर मुंडा, मनोज मंडल, रोशन महतो, दिलीप स्वांसी, घासीराम उरांव, जितेंद्र उरांव, सत्यनारायण भगत, वासु सेठ, भवानी मुंडा आदि मौजूद थे।




## दीपावली व छठ पूजा पर रंगारंग कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय में दीपावली एवं छठ पूजा पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी एवं सचिव जामवंत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिसके बाद छोटे बच्चों ने भक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं उच्च वर्ग की छात्राओं ने छठ पूजा से संबंधित आरंभ से अंत तक घरों में होने वाले क्रियाकलापों को मचं पर प्रस्तुत कर सबका मन को मोह लिया। विद्यालय के सचिव जामवंत सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कहा कि बच्चों द्वारा बहुत ही शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया। कहा कि हमें अपने रीति-रिवाज को भूलना नहीं चाहिए। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर आने वाली पीढ़ियों को याद दिलाते रहना चाहिए। अंत में प्रधानाध्यापक द्वारा दीपावली एवं छठ की शुभकामना देते हुए कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस दौरान सफल मंच संचालन एके सिंह ने किया। वहीं बच्चों द्वारा शानदार प्रदर्शन में शर्मिला मैम, दीपा गिरि एवं पम्मी कुमारी का सरहानीय सहयोग रहा।



## खलारी डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया दिवाली-छठ पूजा उत्सव



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को बच्चों द्वारा दीपावली और छठ उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के जाप से हुआ। विद्यालय के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह ने अपने संबोधन में सभी को दिपावली और छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं। कहा कि छठ पूजा में प्रकृति की पूजा की जाती है। इस पूजा में सूर्य भगवान की उगते और डूबते रूप की पूजा की जाती है। छठी मैया की कृपा हम सब पर बनी रहे। वहीं कार्यक्रम में कक्षा पांचवी और छठी के बच्चों द्वारा दिपावली गीत (राम आएंगे) गाया गया। उसके बाद कक्षा छठी और सातवीं के बच्चों द्वारा छठ गीत (अमवा जे फरेला) गाया गया। कार्यक्रम में आगे चैथी और पांचवी कक्षा के बच्चों द्वारा छठ गीत (कांचे ही बांस के) गाया गया। उसके बाद बारहवीं के बच्चों द्वारा छठ गीत (उगा हे सूरज देव) गाया गया। छात्राएं।

### आपकी सरकार आपके द्वार के तहत पंचायत स्तर पर आयोजित होगा शिविर

# लाभुक उठायें सरकारी योजनाओं का लाभ : लेखराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत खलारी प्रखंड में पंचायत स्तर शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस बाबत खलारी बीडीओ लेखराज नाग ने बताया कि आयोजित होने वाले शिविर के माध्यम से राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक आमजनों तक उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रखंड के 14 पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में पंचायत स्तरीय आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शिविर लगाया जाएगा। जिसमें लपरा पंचायत में 16 नवंबर, तुमांग पंचायत में 17 नवंबर, मायापुर पंचायत में 22 नवंबर, 23 नवंबर को बुकबुका पंचायत, 24 नवंबर को खलारी पंचायत, 25 नवंबर को चुरी दक्षिणी पंचायत, 28 नवंबर को चुरी पुर्वी पंचायत, 29 नवंबर को बमने पंचायत, 30 नवंबर को विश्रामपुर पंचायत, 01 दिसंबर को चुरी मध्य पंचायत, 02 दिसंबर चुरी उत्तरी पंचायत, 05 दिसंबर को चुरी पष्चिमी पंचायत, 06 दिसंबर को हुटाप पंचायत एवं 08 दिसंबर को राय पंचायत में शिविर का आयोजन होगा। उन्होंने लोगों से आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपनी संमस्याओं का समाधान कराने के लिए अपील किया है।



बीडीओ लेखराज नाग।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## थाना प्रभारी और समाजसेवी के प्रयास से कई दिनों लापता विक्षिप्त बच्ची घर लौटी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकारा के थाना प्रभारी विक्रांत कुमार और समाजसेवी सुदीप गुड़िया के प्रयास से अपने घर से कई दिनों से लापता एक विक्षिप्त बच्ची शनिवार को अपने घर लौट आई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात 1.30 बजे एक बच्ची तपकारा आनंदपुर रोड में भटक रही थी। आनदपुर के कुछ युवाओं की नजर बच्ची पर पड़ी। युवाओं ने इसकी सूचना झामुमो के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और समाजसेवी सुदीप गुड़िया को दी। सुदीप गुड़िया ने तपकारा थाना प्रभारी विक्रांत कुमार को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी तुरंत वहां पहुंचे और महिला पुलिसकर्मियों के साथ बच्ची को थाना ले आये। महिला पुलिसकर्मियां की सुररक्षा में बच्ची को थाने में रखा गया। इसकी सूचना विभिन्न सोशल मीडिया में आने के बाद समाजसेवी बेनेदिक नौरंगी ने थाना प्रभारी और सुदीप गुड़िया को बताया कि बच्ची सोनपुरगढ़ की है। बेनेदिक नौरंगी के मध्यम से बच्ची के परिवार वालों को जानकारी दी गई। पता चला कि बच्ची के पिता उससे खोजने के लिए शुक्रवार को ही घर से निकले हैं। तपकारा पुलिस महिला पुलिसकर्मी के साथ बच्ची को लेकर शनिवार को सोनपुरपुर गढ़ पहुंची और बच्ची को उसके परिवार को सौंप दिया। इसके पूर्व थाना प्रभारी विक्रांत कुमार ने बच्ची को नये कपड़े और मिठाई देकर थाना से विदा किया। थाना प्रभारी ने कहा कि बच्ची को उसके परिवार वालों से मिलाने में तपकारा के पूर्व मुखिया सुदीप गुड़िया का सबसे बड़ा योगदान है।

## आदिवासियों की जमीन लूट में राज्य सरकार का मौन समर्थन: अलेस्टेयर




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड उलगुलान संघ के तत्वावधान में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की 115वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को कचहरी मैदान में स्थापित शताब्दी शिलालेख का पारंपरिक ढंग से दिरी-चपी अनुष्ठान विभिन्न गांव के पाहनों द्वारा संयुक्त रूप से संपन्न किया गया। बाद में वीर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर ग्राम मुंडाओं की अगुवाई में माल्यार्पण किया गया। पड़हा राजा, ग्राम मुंडाओं और पाहनों की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीण पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय के समक्ष पहुंचे और धरने पर बैठ गए। अपने संबोध नमें संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने कहा कि झारखंड राज्य गठन के बाद से जमीन की लूट में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इस लूट को सरकार का भी मौन समर्थन मिला हुआ है। यही कारण है कि आज तक पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनाई गई आदिवासी-मूलवासी विरोधी भूमि बैंक नीति को अब तक रद्द नहीं किया गया है। पिछले झारखण्ड विधान सभा चुनाव के समय झामुमो ने वादा किया था कि अगर हमारी सरकार बनती है तो भूमि बैंक नीति को रद्द किया जाएगा, लेकिन आज तक भूमि बैंक नीति को रद्द नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, भू-दस्तावेजों के ऑनलाइन में त्रुटि के पीछे भी सरकार की सोची समझी साजिश है। भू-दस्तावेजों के ऑनलाइन होने से जमींदारी उन्मूलन के दायरे की जमीन पर उनके वंशजों द्वारा दावा किया जा रहा है और ग्रामीणों पर दबाव बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन विजय गुडिया ने किया। धरने के बाद राज्यपाल को प्रेषित स्मार पत्र डीसी कार्यालय को सौंपा गया। कार्यक्रम को जोन जुरसन गुड़िया, कुलन पतरस आईंद, मसीहदास गुड़िया, बेनेदिक्त नवरंगी, अमृत गुड़िया, फुलचंद टूटी, बैजनाथ पाहन, अबिसालोम सोय, किशोर आईंद, बरनाबास सोय, जोसफिना आईंद, गब्रिएल मुंडू आदि ने भी संबोधित किया।

## मारंगहादा में छात्र-छात्राओं ने ली बाल विवाह और बाल तस्करी से मुक्ति की शपथ



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मारंगहादा स्थित उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्या नमिता नाग की अध्यक्षता में शनिवार को झारखण्ड महिला उत्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग से बाल विवाह मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्ति से संबंधित शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम के दौरान झारखंड महिला उत्थान के जिला समन्वयक दिनेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की बहुत बडी समस्या है। हम सभी को एकजुट होकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। हम सभी का दायित्व है कि हमारे गांव व समाज में किसी भी लडकी की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में न हो। साथ ही किसी भी गांव की लडकी के साथ यौन शोषण ना हो। हमें मिलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना है। कार्यक्रम में काउंसिलर जोफा लकड़ा ने कहा कि हम सभी को एक-दूसरे के साथ मिलकर अपने गांव के साथ सपूर्ण मारंगहादा पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाना होगा, ताकि कोई भी लड़की का बाल विवाह न हो और ना ही वे बाल श्रम और बाल तस्करी की शिकार न हो सके। कार्यक्रम में स्कूल की छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक- शिक्षिकाएं और शामिल थे। सहित विद्यालय परिवार के अन्य शामिल थे।

## स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** धनतेरस के अवसर में प्रखंड के कई स्कूलों में छात्राओं के बीच ग्रुप बना कर रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। सोनाहातू में कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में छात्राओं ने बेहतरीन और आकर्षक रंगोली बनायी। सर्वश्रेष्ठ रंगोली को चिन्हित कर ग्रुप को पुरस्कृत किया गया। इधर, राहे प्रखंड में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय ,राजकीयकृत हाई स्कूल राहे, और सर्वोदय पब्लिक स्कूल राहे में छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनायी गयी। सर्वोदय पब्लिक स्कूल में मार्स ग्रुप, मरकरी ग्रुप, जूपिटर ग्रुप, वीनस ग्रुप की छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता हुआ। जिसमें जूपिटर ग्रुप विजेता रहा।

# प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं : पूनम दुबे

## डीएवी स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के अंतर्गत बिरसा जैविक उद्यान के समीप डीएवी स्कूल में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी अपनी कला का परिचय देते हुए रंगोली बनाये। इनमें कक्षा चतुर्थ से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या पूनम दुबे ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। ऐसे में उनकी इस प्रतिभा को सही मार्गदर्शन एवं दिशा के साथ-साथ अवसर प्रदान करना हमारा दायित्व है। जिसका निर्वाहन हम भली भांति करते रहे हैं। इन बच्चों ने अपनी सोच और सृजनशीलता का परिचय दिया। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के बीच मानसिक तथा भौतिक ज्ञान बढ़ता है विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ इस तरह के कार्यक्रम होते रहते हैं जिससे बच्चों में प्रतिस्पर्धा बना रहे। उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता को लेकर छात्रों में काफी उत्साह रहा। मौके पर मुख्य रूप से रिंकी, ज्योति, संगीता, रिया, रेखा, कुलदीप कुमार, बबलू, नूतन, जया, चंदा कुमारी आदि से उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

# देश की सबसे बड़ी योजना सर्वजन पेंशन योजना है : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को कंबल वितरण का शुभारंभ और अन्य परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थि थे। सर्वप्रथम कार्याक्रम की शुभारंभ मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि पूरे देश की सबसे बड़ी योजना सर्वजन पेंशन योजना है। झारखंड सरकार ने आर्थिक और शारीरिक रुप से



कमजोर लोगों के लिये सर्वजन पेंशन योजना की शुरूआत की है। आज सरकार और प्रशासन दिव्यांग, विधवा और वृद्धजन को पेंशन देकर अपनी कर्तव्य निभा रही है। सरकार के बजट का बहुत बड़ा मात्रा हमारे कमजोर तबके को दिया जा रहा है। कहा कि सर्वजन पेंशन गरीब तबके के लोगों को इसलिए दिया जा रहा है कि वे किसी के ऊपर आश्रित ना हो। इस योजना के तहत लाभुकों को 1 हजार रुपए प्रति माह दिये जाते है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद प्रतिनिधि खिजरी विधानसभा प्रमोद सिंह, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप, प्रमुख आशा कच्छप, उपप्रमुख विणा देवी ने भी संबोधित किया। मौके पर नामकुम बीडीओ डॉ प्रवीण, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, कांग्रेसी नेता रमेश पांडेय, आरा मुखिया नीता कच्छप, सिल्वे मुखिया नूतन पाहन, रामपुर मुखिया सरस्वती देवी, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, कुटियातू मुखिया निशा, रामपुर मुखिया सरस्वती देवी, पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, चामू बैक, अनिरुध पांडे, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक आदि उपस्थि थे।

## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के परिसर में शनिवार को दिवाली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया। उसमें बच्चों ने सेव गर्ल चाइल्ड, एंपावरमेंट ऑफ वूमेन, चंद्रयान-3, मतदान जरूरी करें, राम मंदिर, राम–सीता के आकर्षक व गणेश लक्ष्मी का रंगोली बनाया। जिसमें सीनियर में आठवीं कक्षा को प्रथम स्थान मिला। वहीं कक्षा सातवीं और नवीं को दूसरा स्थान और कक्षा छः को तृतीय स्थान मिला। साथ ही जूनियर में कक्षा पांच को प्रथम स्थान, कक्षा चार को दूसरा स्थान और कक्षा एक को तृतीय स्थान मिला। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों की सराहना किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ कलात्मक विकास होता है। नई शिक्षा नीति में एक्टिविटी आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है। जिससे बच्चों में सर्वांगीण विकास हो। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षिका ज्योति धीर, अनीता कुमारी, आरती, शैली श्रेया गुप्ता, रानी, गायत्री कुमारी, प्राची, खुशबू मिंज, भारती, सचिता साहू, आराधना लकड़ा, अंजू, अंजलिका, अनु, सोसन, मेरी, शिवानी, कमला, आदि ने सराहनीय योगदान रहा।

## दीपावली आज, मां लक्ष्मी-गणेश की होगी पूजा-अर्चना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** दीपों का महापर्व दीपावली हर्सोल्लास के साथ आज मनाई जायेगी। जिसकी तैयारी प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारी पूरी कर ली गयी है। वहीं मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा को लेकर दीया व मूर्ति की खरीदारी के साथ बच्चे आतिशबाजी करने के लिए उत्साहित दिख रहे हैं। महावीर चौक, जिला परिषद, बाजार टांड़,देवी मंडप सहित ग्रामीण क्षेत्र के चौक–चौराहों पर गणेश लक्ष्मी की मूर्ति व दिये की दुकानों में लोगों ने खरीददारी की। वही आधुनिकता के इस दौर में दीपों का पर्व दीपावली होने के बावजूद दीया के खरीददारों की कमी देखी गई। इधर लोग साफ–सफाई करने में जुटे हैं, वहीं बच्चे आतिशबाजी करने या खरीददारी के लिए उत्साहित दिख रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में दीपों का पर्व दीपावली होने के बावजूद दीया के खरीददारों की कमी देखी गयी।

# सफल कार्यक्रम हम सबकी जिम्मेदारी : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड सभागार में बुधवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर प्रखंड प्रमुख विनीता कच्छप की अध्यक्षता में सभी विभागों की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ प्रताप मिंज ने कहा कि आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसे सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम और कार्यक्रम स्थल की रूपरेखा पर विचार विमर्श करते हुए उन्होंने कहा कि सभी विभागों का स्टॉल हर पंचायत में निश्चित रूप से लगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीणों द्वारा प्राप्त सभी आवेदन का निष्पादन यथा संभव कार्यक्रम स्थल पर ही किया जाए। सबके सहयोग



के बिना किसी भी कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव नहीं है। इसलिए आप सभी जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागों से आए पदाधिकारी बखूबी अपनी जिम्मेदारियां को निभाते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार करें। बीडीओ ने अबुवा आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिया। बैठक में दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम की सफलता को लेकर अपना विचार रखा। वहीं मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, जिप सदस्य वेरोनिका कुजूर उप प्रमुख मोदस्सीर हक, प्रखंड अध्यक्ष कर्मा, बीपीओ संजय, मुखिया नीरज, सुशांति भगत, लक्ष्मी कोया, वीरेंद्र, जतरु, सरिता एक्का, राखी, फारूक नदीम, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, लेखा सहायक असादुल्लाह, अनवर, राजेश नायक, रामनाथ, सनीका नाग समेत कई पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, कई विभागों के पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

# रातू के हुरहुरी में देवर और भतीजों ने मिल कर चाची की हत्या कर दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी निवासी 65 वर्षीय वृद्धा बिरसी उरांव की उसके ही देवर और भतीजो ने मिलकर डंडे से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गये। पुलिस मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों का सौंप दिया। घटना रात 11 बजे की बताई जा रही है। मृतक के पुत्र संतोष उरांव ने बताया कि वह शुक्रवार की रात खाना खाने के बाद चूल्हे का पास बैठे थे। तभी उसका चाचा राजेश उरांव शराब के नशे में आया और गाली गलौज देने लगा। चिल्लाने की आवाज सुनकर जब संतोष व उसकी मां बिरसी देवी घर से बाहर निकला तो उसका चाचा संतोष को धक्का देकर जमीन में गिरा दिया। इसके उपरन्त राजेश के दो पुत्र पैलुस उरांव, पंकज उरांव व पत्नी धनिया देवी भी मारपीट करने लगे। इसी उपरान्त एक लकड़ी के डंडा से पंकज ने बिरसी उरांव के सिर पर वार कर दिया जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गयी। परिजन आनन फानन में उसे लेकर रिम्स पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गये। मामले को लेकर पुत्र संतोष ने रातु थाने में राजेश उरांव, धनिया देवी, पंकज उरांव व पैलुस उरांव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल बूढ़ीबागी में दीपावली के अवसर पर शनिवार को स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर स्कूल के प्रचार्य राशिद अंसारी ने कहा कि दीपावली हमसबो को अंधेरा से प्रकाश की ओर बढ़ने का संदेश देता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमसबों को सभी धर्मों व पर्वों का सम्मान करना चाहिये। वही दूसरी साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा कांके रांची हर वर्ष की भांति साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा में दीपावली के शुभ अवसर पर विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने रंगोली बनाओ प्रतियोगिता एवम छात्रों ने लैंप बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी प्रकार की प्रतियोगिता उत्साह पूर्वक संम्पन्न हुई जिसके विजेता वर्ग आठवीं के छात्राओ की ग्रुप रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में सफल रही और लैंप बनाओ प्रतियोगिता में वर्ग दसवीं के छात्र ग्रुप सफल रहे। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

# एसीबी की टीम पहुंची रातू अंचल, खंगाला दस्तावेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** रातू अंचलअधिकारी प्रदीप कुमार, राजस्व कर्मचारी सुनील सिंह व दलाल जाफर अंसारी की गिरफ्तारी के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। इनकी गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने सीओ प्रदीप कुमार व कर्मचारी सुनील सिंह के घर की भी तलाशी ली गयी। इस दौरान सीओ के घर से दो लाख रुपया और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किया गया था। शनिवाद को एसीबी की टीम दुबारा रातु अंचल कार्यालय पहुंची। टीम यहां करीब एक घंटे रहे। इस दौरान उन्होंने कई महत्पूर्ण दस्तावेज का खंगाला। एसीबी की टीम अंचल कार्यालय में लगे डिजिटल वीडियो रिकॉडिंग (डीवीआर) अपने साथ ले गये। टीम ने सीआई संतोष उरांव और बड़ा बाबू सुमित उरांव से भी पुछताछ की।

## वसूली के लिए रखे गये हैं कई बिचौलिये

रातू अंचल कार्यालय में बिचौलियों का राज चलता है। यहां एक एक कर्मचारी के पीछे कई कई बिचौलियों की नियुक्ति की गयी है। बिचौलियों को राजस्व कार्यालय में कर्मचारियों के साथ कुर्सी में बैठ कार्य निपटाने में व्यस्त देखा जा सकता है। जबकि राजस्व कचहरी में भूमि संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज होते है। जिसे बेचौलिये बहुत ही आसानी से निकाल हेराफेरी करते नजर आते है। जबकि कर्मचारियों को मुंशी या सहायक रखने का कोई प्रावधान नहीं है। अंचल कार्यालय के कर्मी भी बिचौलिये की सहायता लेने में मस्त रहते हैं। जो खुले रूप से अपने आकाओं के लिए अवैध वसूली का धंधा करते है। आश्चय की बात यह है कि यहां सिर्फ रातू ही नहीं, बल्कि रांची से भी बिचौलियों का रोजाना आना जाना होता है। यह राजस्व कचहरी से अंचल कार्यालय तक के खास दलाल है। इनके लिये कुर्सी भी रखी जाती है। यह बात किसी से छुपी हुई नही है। सब कुछ जान कर भी विभाग मौन है। क्योंकि बिना रिस्क के रिश्वत उन तक आसानी से पहुंच रही है। लगान रसीद से लेकर दाखिल खारिज तथा छुटे हुये प्लॉट ऑनलाइन दर्ज कराने, व परमिशन कराने तक में बिना चढावा के कार्य संभव नहीं है। बिचौलिये एक दिन में कई बार सीओ ऑफिस में जाकर बकायदा कुर्सी में बैठकर बाते करते थे। अगर सीटसीवी फुटेज की जांच हुई तो कई बिचोलियो पर भी गाज गिर सकती है।

## पूर्व उपमुखिया के पिता का निधन, शोक की लहर



कुजूर राम फाइल फोटो।

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईंटाचिल्द्री पंचायत के पूर्व उपमुखिया चरिमा गांव निवासी पंकज कुजूर के पिता 80 वर्षीय राम कुजूर का निधन शनिवार को सुबह साढ़े सात बजे हृदय गति रुक जाने से हो गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। मृतक अपने पीछे पांच बेटे बुधवा कुजूर,गंदरु कुजूर,पंकज कुजूर,चंदन कुजूर,सुनील कुजूर,दो बेटी सीता कुजूर व गीता कुजूर समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनके निधन की खबर के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। इधर शनिवार को अपराह्न तीन बजे दिन में चरिमा गांव के मसना में सरना रीति रिवाज से मिट्टी दिया गया। इनके अंतिम यात्रा में पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा 21 पड़हा राजा महादेव कुजूर व विशेश्वर मिंज समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## एक्यूप्रेशर सेंटर में की गयी मां धनत्रयोदशी की पूजा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान के समीप शनिवार को एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे सेंटर में धनत्रयोदशी की पूजा अर्चना की गयी। जिसमें मां एक्यूप्रेशर सेंटर के समस्त डॉक्टर एवं कार्यकर्ता शामिल होकर धनत्रयोदशी पूजा को सफल कराया। इस मौके पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव मधुसूदन पांडे ने बताया कि धनत्रयोदशी से ही दीपावली का 3 दिन का पर्व आरंभ हो जाता है। धनतेरस के दिन धन के देवता कुबेर औषधि के देवता धन्वंतरि और यमराज की पूजा की जाती है। कहा कि दिपावली का पर्व न सिर्फ उत्साह और उमंग का है बल्कि इस पर्व में भारतवासी मां लक्ष्मी और गणेश की आराधना करते है, इसलिये उन्हें खुश करने के लिये कुछ कार्य करने पड़ते है। इस दौरान एक्यूप्रेशर सेंटर के डॉक्टरों ने एक दूसरे को दिपावली की बधाई दी और उनको मधुसूदन पांडे के द्वारा निर्वाचित सर्टिफिकेट दिया गया।

## सुकुरहुट्टू रिंग रोड से दो मोटरसाइकिल की चोरी

**कांके।** थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू रिंग रोड कांके स्थित आदित्य लाइन होटल के समीप से दो मोटरसाइकिल की चोरी हुई। इस संबध में अमीन मंसूरी व जय सिंह ने कांके थाना को दिये आवेदन में बताया कि वे दोनों गुरुवार रात लगभग 8 बजे अपने मोटरसाइकिल संख्या जेएच 01डीएल 5640 व जेएच 01 सीएन 7264 होटल के सामने खड़ी कर दोस्तो के साथ दूसरी गाड़ी पर सवार होकर एक समारोह में गये थे। शुक्रवार सुबह लगभग 2 बजे जब लौटा तो उन दोनों की मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। मोटरसाइकिल मांडर के मतीउल रहमान से खरीदा था।

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के दलादिली बाजार के समीप शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने शिलापट से कपड़ा हटाकर किया .इस अवसर पर गांव के पाहन के द्वारा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा को स्थापित किये। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते विधायक नवीन जायसवाल भगवान बिरसा मुंडा एक क्रांतिकारी योद्धा थे जिन्होंने देश की आजादी के लिये जीवन भर संघर्ष किया और देश की आजादी के लिये बलिदान दिया। ऐसे महान योद्धा की प्रतिमा गांव गांव लगनी चाहिये। मौके पर जिप सदस्य पूनम देवी,अनगड़ा जिप सदस्य अनुराधा मुंडा,सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, बजरंग महतो,समिति के साजन मुंडा, हिन्दुवा उरांव, मेघा उरांव, संदीप मुंडा, नंदकिशोर महतो, शनि टोप्पो, मुकेश महतो सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# बाल दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी प्रतियोगिता संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** संत अन्ना +2 विद्यालय मांडर में बाल दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी सह रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के लिए कला संकाय को झारखंड स्थापना दिवस,विज्ञान संकाय को चंद्रयान और वाणिज्य संकाय को भारतीय अर्थव्यवस्था का विशेष थीम दिया गया था जिसमे छात्र-



छात्राओं भरपूर उत्साह के साथ भाग लिया प्रदर्शनी के लिए बनाए गए सभी प्रतिभागियों द्वारा बनया गया मॉडल एक से बढ़ कर एक था। छात्राओं द्वारा बनया गया रंगोली भी आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा की इस तरह के अवसर छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ साथ सर्वांगीण विकास में सहायक होता है हमारा हमेशा यह प्रयास होता है की छात्रों की छुपी गुणों निखरे। प्रदर्शनी सह रंगोली कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक प्रतिनिधि शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में मना दिपावली उत्सव



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** एक्सल डाटा सर्विस दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र नवागढ़ में आज शनिवार के दिन दिपावली उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के बीच रंगोली, मेहदी एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस केन्द्र में कौशल प्रशिक्षण के साथ– साथ सांसकृतिक, पर्व त्योहार आदि का कार्यक्रम भी आयोजित की जाती रही है। मौके पर सेंन्टर मैनेजर अजमल सिद्दकी, अविनाश कुमार, संजिव कुमार, अलोक राज बैठा, मिनाक्षी देवी, अनु कुमारी, सोभा बारा, चन्द्रमोनी केरकेट्टा, राहुल पांडेय, संतोष उपाध्याय, जमालुद्दीन हासमी,आदी मौजूद थे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135वीं जंयती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी के लाल बहादुर शास्त्री चौक में शनिवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद तालिमी मिशन ओरमांझी के सौजन्य से देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, स्वत्रंत भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती सह राष्ट्रीय शिक्षा दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी शामिल हुए। समारोह का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा अबुल कलाम आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।



समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर क्षेत्र के प्रबुद्ध शिक्षकों व पत्रकारों को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छ्प ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब को बचाकर रखने के लिए सभी को आगे आना होगा। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने देश की आजादी में अपना अहम योगदान दिया था। जिसे भूलाया नहीं जा सकता। समारोह की अध्यक्षता उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने किया। जबकी कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष तौहिद आलम ने किया इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचल अधिकारी नितिन शिवम गुप्ता, प्रेमनाथ मुंडा, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, नागेश्वर महतो, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा, मुन्तजिर रजा, शिक्षाविद शैलेंद्र, पंचायत समिति सदस्य अमीर हम्जा, रीना मुंडा, अमालुद्दीन, सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती और राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती सह राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर परराजकीयकृत उर्दू मध्य विधालय बसीला नगड़ी में मौलाना आजाद के सपनों का भारत विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता झारखंड छात्र सघं के अध्यक्ष एस.अली ने कहा कि मौलाना आजाद ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अभियान चलाया जिसके कारण वर्ष 1916 में इन्हें बंगाल से तड़िपार कर दिया गया और वे रांची आ गये, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के कारण अनेकों बार जेल जाना पड़ा देश की आजादी के दौरान भारतीय मूल के मुसलमानों का अगुवाई किये महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल के जोर देने पर मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वतंत्रता भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री बने और उन्होंने भारत में आधुनिक शिक्षा के साथ सम्पूर्ण शिक्षा की नींव डाली।

## अंचल कार्यालय के सभी अधिकारियों के ऑफिस में हमेशा लटका रहता है ताला



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के अंचल कार्यालय में विकास अपना रास्ता ही भूल गया है। बताते चलें की आज पत्रकार संघ के द्वारा 1.30 बजेऔचक निरीक्षण किया जिसमें पाया गया की पेयजल की कमी, शौचालय में पानी तक नही है। अंचल कार्यालय भी मात्र दो कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे चल रहा था जबकि आज कोई भी सरकारी छूटी नही होने के बाद भी अंचल पादाधिकारी का अलावे सभी कर्मचारी, नजारत, अंचल निरीक्षक, व राजस्वकर्मचारी का कार्यालय में ताला लटक रहा था। अंचलाधिकारी से दूरभाष पर सम्पर्क करने पर सम्पर्क नही हुआ। यह हाल है अंचलकार्यालय लापुंग का कोई भी नोटिश बोर्ड में अनुपस्थिति की सूचना नही थी। लोग जरूरी कार्य जमीन का ऑनलाइन करने वृद्ध पेंशन, दाखिल आए बाहर से तसला लटका देखकर वापस लौटे। यह है लापुंग अंचल के हाल।

# मुख्यमंत्री से मिले अविनाश देव, दी दीपावली की बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने शनिवार को रांची के मोराबादी स्थित मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस ़ैरान उन्होंने मुख्यमंत्री को मिट्टी से बने दीये भेंट करते हुए दीपावली की बधाई व शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद अविनाश देव ने कहा कि उन्होंने मिट्टी के दीये को देखकर बेहद प्रसन्न जाहिर की। उन्होंने कहा कि दीये सहित मिट्टी के अनेक कार्यों में संलग्न सभी लोगों के बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। इस इवसर पर अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को भी यह प्रयास करना चाहिए की दीपावली सहित अनेक पर्वों में आसपास के कारीगरों द्वारा निर्मित वस्तुएं खरीदे ताकि उनका घर भी खुशियों से भर सके।

## विधायक ने ऑनलाइन किया तीन योजनाओं का शिलान्यास और एक का उद्घाटन

# हर एक गांव का हो रहा विकास : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर स्थित शुक्रबाजार टू आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन का शनिवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस दौरान मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह भी उपस्थि थे। उन्होंने हुसैनाबाद के ग्राम बुधुआ राजस्व कचहरी, बैजली व खराड़ पर स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का भी ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की नली-गली का निर्माण विधायक कोटे की राशि से जनता की सहमति लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक-एक ग्रामीण सड़को का जीर्णोद्धार करने के अलावा नई सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। वहीं, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन करने के लिए चार टीम बनाई गई है। चारों टीम अलग-अलग गांव में स्वीकृत स्थलों का शिलान्यास कर रही है। उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को सौंपी है। कहा कि कहीं गलत होता है तो उस गांव के लोग विधायक या उन्हें सूचना दे सकते हैं। इस मौके पर जिला पार्षद संगीता देवी, एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डु सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह के अलावा कई लोग शामिल थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

# हिंदू-मुस्लिम एकता के बड़े पक्षधर थे मौलाना आजाद : शशि कुमार



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में आइडियल टीचर्स एसोशिएशन के तत्वाधान में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार और संचालन मो जुबैर अंसारी ने किया। निवर्तमान नगर अध्यक्ष ने कहा कि मौलाना आजाद हिंदू-मुस्लिम एकता के बड़े पक्षधर थे। देश के बटवारे का काफी विरोध किया था। आजादी मिलने पर देश के पहले शिक्षा मंत्री बनाए गए। उन्होंने आइआइटी, आइआइएम, ललित कला अकादमी आदि संस्थाओं का गठन किया और देश में शिक्षा की बुनियाद को मजबूत बनाया। कैरियर गाइडेंस पर बात रखते हुए मो नासिर ने छात्र छात्राओं को कई सुझाव बताए। रांची से आए शिक्षक मो जीशान रजा ने बड़े ही आकर्षक अंदाज में बच्चों को विभिन्न कोर्सेज और संस्थानों का जिक्र किया जहां कम खर्च में उच्च शिक्षा दी जाती है। कई तरह के स्कालरशिप की भी जानकारी दिया। मौके पर नगर उपाध्यक्ष ग्यास-ुद्दीन सिद्दीकी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद आदि मौजूद थे।

# कला प्रदर्शनी में सक्रियता से होता है बच्चों का चहुंमुखी विकास: रवि सिंह



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक परियोजना सह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ग प्रथम से दशम तक के बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अपने कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के मॉडल का प्रदर्शनी किया। जिसमें प्रियांशी सिंह, अर्चिता कुमारी, सूरज कुमार, बिनु कुमार, आदित्य राज, सुभम सिंह, प्रियंका सिंह, श्रृष्टि कुमारी, अर्णव राज, नीरव कुमार आदि ने अपने अपने मॉडल की प्रस्तुति की। जूनियर सेक्शन के बच्चों ने दीपक को सुंदर तरीके से सजाकर कला को प्रदर्शित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित मॉडल की सराहना करते हुए विद्यालय के निदेशक रवि कुमार सिंह ने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे। इनकी समझ और कल्पना से भारत देश अवश्य उन्नति करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के पाठ्येतर क्रियाओं से बच्चों का चहुमुखी विकास होता है। मौके पर प्राचार्य रवि कुमार गुप्ता, शिक्षक वरुण सिंह, बिकेश कुमार, गिरजेश कुमार, मशरूर आलम, सुनीता कुमारी, कुसुम कुमारी, निशी कुमारी, रिया कुमारी, खुशी कुमारी, शबाना, रिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे।

# निगम क्षेत्र को सजाने-संवारने की जिम्मेदारी आखिर कब तक अकेले उठाऊं: प्रथम महापौर

## पद पर नहीं रहते हुए भी शहर के सौंदर्यीकरण की देखभाल में कर रही हूं यथासंभव मदद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऐसा कम ही देखा जाता है कि अपने पद से हटने के बाद भी क्षेत्र को सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित रखने के लिए एक जनप्रतिनिधि अपने निजी खर्च से समानांतर निगम चला रहा हो। पर यह जिम्मेदारी कोई और नहीं बल्कि मेदिनीनगर शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर निभा रही हैं। आज शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे सर्वोत्तर चर्चित चाहे गांधी उद्यान का रखरखाव हो या मरीन ड्राइव का रखरखाव। चाहे रोड डिवाइडर में लगे पौधों की देखरेख हो या मेयर के निजी खर्च से लगे ओवर ब्रिज एवं डिवाइडर पर तिरंगा लाइट, चाहे मेयर द्वारा लगाया गये जगह-जगह सीमेंटेड बेंच की मरम्मति हो या चौक-चौराहा में लगा वर्टिकल गार्डन की मरम्मति। चाहे शहर के विभिन्न जगहों में लगे ठंडे पानी के मशीन का रखरखाव हो या फिर मोहल्ले में बच्चों को खेलने के लिए लगे मल्टीप्ले स्टेशन की देखरेख। इन सभी चीजों के लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा चार-चार माली, दो इलेक्ट्रीशियन, पानी टैंकर के साथ पौधों में पानी पटाने के लिए चालक, मजदूर एवं दो-दो सुपरवाइजर निगम क्षेत्र की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए प्रतिदिन सुबह सात बजे घर से निकलते हैं तो शाम पांच बजे तक कार्यरत रहते हैं। तभी गर्मियों में भी शहर हरा भरा नजर आता रहा है। शनिवार को प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि मैं अभी किसी पद पर ना होते हुए भी यथासंभव निगम क्षेत्र को सजाने सवारने एवं कई प्रमुख योजनाओं पर निगम का ध्यान आकृष्ट करने का कार्य नित्य करती हूं। जहां-जहां शहर के कुछ लोगों द्वारा एक सुनियोजित ढंग से चीजों को तोड़ा जा रहा है उसे भी त्वरित अपनी टीम द्वारा ठीक भी करा रही हूं, लेकिन आखिर कब तक? यह शहर मेदिनीनगर शहर वासियों का है। मैं तो मात्र माध्यम रही। देखभाल व मरम्मति का जिम्मा हम सभी को मिलकर उठाना है। जिसमें प्रशासन की भी उतनी ही सहभागिता होनी चाहिए। तभी शहर शुव्यवस्थित एवं सुसज्जित रहेगा। इन दिनों लगातार डिवाइड का लाइट एवं प्लांट तोड़े जाने पर दुख व्यक्त की। कहा कि प्रशासन यथाशीघ्र महात्मा गांधी मार्ग का चौड़ीकरण जिसका एस्टीमेट बना हुआ है तत्काल करें एवं रोड के बीच में ताड़ पेड़ को कटवाए अन्यथा बड़ी घटना घट सकती है।

# अब हमारे शहर में भी खुलने लगे हैं अच्छे और आधुनकि ब्यूटी पार्लर: अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रजक परिवार द्वारा जय भवानी संघ चौक के समीप खोले गए शानवी ब्यूटी पार्लर का शनिवार को उद्घाटन किया। कहा कि अब हमारे शहर में भी अच्छे-अच्छे पार्लर खुलने लगे हैं। जहां बड़े शहरों की तर्ज पर नई तकनीकी के साथ लड़कियों के लिए सुरक्षित सजावट की सुविधाएं उपलब्ध है। इसी कड़ी में इस दिन यह पार्लर का खुलना अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि लगन के समय में सारे पार्लर व्यस्त रहते हैं। शादी के लिए मेरी बहनों, बच्चियों को सजने में काफी दिक्कत होता थी। ऐसे पार्लर खुलने से यह कमियां दूर होगीं। इस अवसर पर संस्था की मालकिन पिंकी कुमारी रजक, भाजपा नेता शिव कुमार मिश्रा, मेयर प्रतिनिधि सुनील कुमार गुप्ता और कुंदन वर्मा आदि थे।

# माइनिंग बहुल एरिया में ड्रोन से होगी निगरानी : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें टास्क फोर्स के कुछ सदस्य एनआईसी के सभागार से जुड़े। वहीं डीसी ऑनलाइन जुड़े। बैठक में अवैध माइनिंग को शून्य करने की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत खनन बहुल एरिया में ड्रोन से निगरानी करने का निर्देश दिया। कहा कि जिला से सभी को ड्रोन समय पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। कहा कि सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वैध माइनिंग भी तय एरिया में ही किया जाये। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी सीओ व थाना प्रभारी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई हो। साथ ही थाना प्रभारी को अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिक दर्ज करने की बात कही। मौके पर खनन टास्क फोर्स से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

# हुसैनाबाद नपं कार्यपालक पदाधिकारी ने किया पूर्व सैनिक कार्यालय का भ्रमण



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी व नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी ने शनिवार को पूर्व सैनिक कार्यालय का भ्रमण किया। वहीं, पूर्व सैनिकों ने दोनों अतिथियों को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ने कार्यालय की ओर से की जा रहा रही सैन्य कार्यक्रम, क्षेत्र के सभी विभागों के पेंशन धारियों, वीर नारियों की समस्याओं का निदान, नवजवान बच्चों को सैन्य संबंधित शिक्षित करने जैसे कार्यों की जानकारी दी। संगठन के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामना एवं बधाई दी। कहा कि पूर्व सैनिक इस क्षेत्र में वृद्धा पेंशनधारकों के समस्याओं के आलावा नौजवान बच्चों को जागरूक करना, सैनिकों जैसा देश प्रेम, समाज के जन कल्याण में सहभागिता निभाने जैसे गुणों से अवगत कराया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किए गए कार्यों को देखकर प्रभावित हुए। कहा कि सेवानिवृत्त के बाद इस उम्र में भी सैनिक अपने क्षेत्र में जनसेवा कर रहे हैं, जो सराहनीय है। मौके पर लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, हवलदार सुधीर सिंह आदि मौजूद थे।

# मुखिया की अध्यक्षता में हरतुआ-पचमो में ग्रामसभा आयोजित

नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरतुआ पंचायत के पचमो मध्य विद्यालय परिसर में मुखिया अरविंद शुक्ला की अध्यक्षता में शनिवार को ग्राम सभा आयोजित हुआ। जिसमें अबुआ आवास योजना के सूची में शामिल परिवारों की प्रतीक्षा सूची में नाम जोड़ने एवं नया नाम सूची में जोड़कर योजना का लाभ पंचायत के लोगों को देने की प्रक्रिया एवं नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया। मुखिया अरविंद शुक्ला ने बताया कि जो आवास ग्राम सभा में चयनित होगा वही मान्य होगा। कुछ लोग द्वारा आवास का झांसा देकर फॉर्म पंचायत को देकर गांवों के लोगों से तसीली की जा रही है। मुखिया ने सख्त निर्देश दिया है कि कुछ बिचौलिया लाभुकों को दिग्भ्रमित करने में लगे हैं। ऐसे व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हरतुआ पंचायत क्षेत्र में बिचौलियागिरी नहीं चलेगी। मौके पर पंचायत सचिव अंबिका कुमारी, वार्ड सदस्य अमित यादव, सुशील यादव, रवि रजक, प्रमिला देवी, निरंजन पासवान आदि मौजूद थे।

# छठ घाट पर व्रतधारियों को उपलब्ध करायी जायेगी हर संभव सुविधा : डॉ ईश्वर चंद्रवंशी



विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने शिव छठ घाट पर साफ सफाई का जायजा लिया। जेसीबी मशीन लगाकर नदी को साफ करने, लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित कई दिशा निर्देश नप कर्मियों को दिया। इस दौरान छठ पूजा समिति ने डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी और दानिश हुसैन को सम्मानित किया। इस पर चंद्रवंशी ने कहा कि छठ घाट पर व्रतधारियों के हर सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने छठ पूजा समिति को हर संभव मदद देने का

## स्पोर्ट्स



वनडे वर्ल्डकप 2023 के 43वें मेच में शनिवार को आस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा दिया। यह आस्ट्रेलिया की सातवीं जीत है। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबादी करते हुए 306 रन बनाए थे, जिसे आस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में ही हासिल कर लिया।

## मिचेल मार्श ने बनाये 177 रन, दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी

# ऑस्ट्रेलिया की लगातार सातवीं जीत बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया



एजेंसी

**पुणे।** वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 43वें मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार सातवीं जीत है। पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए बांग्लादेश ने 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 306 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया और ऑस्ट्रेलिया को 307 रन का लक्ष्य दिया। पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 44.4 ओवर में दो विकेट खोकर ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। बतातें चलें कि डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के बीच दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। दोनों ने 116 बॉल पर 120 रन जोड़े। ये साझेदारी वॉर्नरके विकेट के साथ टूटी। वॉर्नर 53 रन बनाकर आउट हुए।

### वॉर्नर का अर्धशतक

ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 61 बॉल पर 53 रन की पारी खेली। वॉर्नर के वनडे करियर की यह 33वीं और इस वर्ल्ड कप की दूसरी हाफ सेंचुरी है। वहीं, पावरप्ले की शुरूआत में बांग्लादेश को अच्छी शुरुआत मिली। तीसरे ओवर में ही ट्रैविस हेड आउट हो गए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने पारी को संभाला और बड़े ओवर निकाले। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में 50 का आंकड़ा पार करने के साथ एक विकेट भी खोया।

### बांग्लादेश की पारी

बांग्लादेश की ओर से तौहीद हदॉय ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 79 बॉल पर 74 रन की पारी खेली। यह उनके वनडे करियर की छठी और वर्ल्ड कप की पहली फिफ्टी है। उनके अलावा नजमुल हुसैन शांतो ने 45, लिट्टन दास ने 36, तंजिद हसन तमीम ने 36 और महमूदुल्लाह रियाद ने 32 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से शॉन एबट और एडम जम्पा ने दो-दो विकेट लिए। मार्कस स्टोयनिस को एक विकेट मिला। बांग्लादेश के तीन खिलाड़ी रन आउट हुए।

# पाकिस्तान वर्ल्ड कप से बाहर, 40 बॉल में नहीं बना पाया 338 रन

कोलकाता (आजाद सिपाही)। पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड कप 2023 से बाहर हो चुकी है। शनिवार को कोलकाता के इडेन गार्डन में खेले गए मुकाबले में 338 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम इंग्लैंड से इस मुकाबले को जीतकर भी सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकती है। टॉप-4 के लिए टीम को 40 बॉल के अंदर यह टारगेट चेज करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब टीम की नजरें टॉप-5 फिनिश करने पर हैं। समाचार लिखे जाने तक पाकिस्तानी टीम ने 22.3 ओवर में 4 विकेट पर 100 रन बना लिए हैं। सऊद शकील क्रीज पर हैं। मोहम्मद रिजवान 36 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मोइन अली ने बोल्ड कर दिया। कप्तान बाबर आजम 14 रन पर आउट हुए। इससे पहले, डेविड विली ने फखर जमान (1 रन) और अब्दुल्लाह शफीक (0 रन) को आउट किया।

# बजाज पल्सर का एनआइ 50 बाइक लांच



विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)। रेहला- बी मोड़ स्थित एम के बजाज शो रूम में बजाज बाइक के एक नया मॉडल पल्सर एनआई 50 लॉन्च किया गया। इस नए मॉडल के बाइक का लॉच समाजसेवी नंदलाल पांडेय और शो रूम के प्रो गोपाल राम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर नंदलाल पांडेय ने कहा कि रेहला जैसे छोटे जगह में भी उक्त शो रूम ग्राहकों को बजाज बाइक का हर मॉडल मुहैया करा रहा है। जो कबील-ए-तारीफ है। वहीं, प्रो गोपाल राम ने एनआई 50 मॉडल बाइक की विशेषता से ग्राहकों को अवगत कराया। बताया कि इस मॉडल की शो रूम कीमत एक लाख 18 हजार 701 रुपया है। इस शो रूम में फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। मौके पर सरवर अंसारी, मुकेश पासवान, विकाश कुमार, मुकेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बोकारो सर्किट हाउस में झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति की बैठक

# सकारात्मक सोच के साथ बढ़ रहे आगे: लंबोदर महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड विधानसभा के आश्वासन समिति ने एक दिवसीय बोकारो भ्रमण के दौरान शनिवार को जिले के अधिकारियों के साथ बोकारो सर्किट हाउस में बैठक की। जिसमें तेनुघाट डैम को पर्यटन स्थल के साथ ही इलेक्ट्रोस्टील वेदांता में प्रदूषण को लेकर खास चर्चा की गई। समिति ने विधानसभा में आए कुल 40 मामलों पर चर्चा करते हुए समीक्षा की। लगे हाथ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया। समिति के सभापति सह चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ ने कहा कि 40 मामलो में से 10 मामले किसी कारणों से रद्द होंगे। पूछे जाने पर बताया कि जो 10 मामलें है वे कार्य निष्पादित हो चुके हैं।

## जो 10 मामले रद्द हुए हैं, वो पहले ही हो चुके हैं : दीपक बिरुआ




बोकारो सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक करते झारखंड विधानसभा की आश्वासन समिति की टीम।

कई मामलों के डीपीआर तैयार किए जा चुके हैं। वहीं गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि समिति एवं जिला प्रशासन सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ा है। इस दिन हुई बैठक में कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर डीडीसी कृतिजी, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, डीटीओ वंदना सेजवलकर सहित अन्य जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रीन दीपावली मनाने का लिया संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कसमार।** सहयोगिनी संस्था ने बहादुरपुर मध्य विद्यालय में स्विच ऑन फाउंडेशन कोलकता के सहयोग से प्रदूषण रहित दीपावली मनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें रंगोली और चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने प्राकृतिक रंगोली के तहत से बहुत ही आकर्षक रंगोली बनाई। जिसे सभी अतिथियों और विद्यालय परिवार ने सराहना की। इस दौरान विद्यार्थियों ने वायू प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बहुत ही सुंदर चित्रकारी किया। प्राचार्य गंगाराम रवानी ने कहा कि दीपावली हमारे देश का सांस्कृतिक व पारंपरिक त्योहार है। इसे स्वच्छ वातावरण एवं सुंदर तरीके से मनाने की आवश्यकता है। कहीं-कहीं इस पवित्र पर्व में ज्यादा प्रदूषण फैलने से लोगों को काफी परेशानी होती है। जिस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का संदेश दिया जा रहा है। वहीं, सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार राय ने सभी बच्चों को प्रदूषन रहित



दिवाली मनाने और उच्चतम न्यायालय और झारखंड सरकार के आदेश के बारे में बताया कि दिवाली रात आठ बजे से 10 बजे तक ही ग्रीन पटाखा का उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं ने शपथ लिया कि इस वर्ष प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाएंगे।


### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ (विकास शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(o) Email ID : dc-ramgarh@gov.in

**-:सूचना:-**

सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड,राँची के पत्रांक JAP-IT/e-District/29-04/2011-12-601 दिनांक 26.03.2021 के आलोक में रामगढ़ जिले में e- District Manager के 01 पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन PR No. 305796 द्वारा प्रकाषित किया गया था। उक्त विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदन पत्रों में से स्क्रुटनी एवं दावा/आपत्ति के उपरांत अंतिम रूप से साक्षात्कार हेतु चयनित कुल 15 अभ्यर्थियों की सूची जिले के वेबसाईट https://ramgarh.nic.in पर अपलोड कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार उपायुक्त, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में दिनांक 18.11.2023 को अपराह्न 03:00 बजे से आयोजित की गई है। अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, फोटोयुक्त पहचान पत्र एवं वेतन पर्ची के साथ साक्षात्कार हेतु ससमय उपस्थित होंगे।

PR.NO.311277 District(23-24):D

ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।


## मुस्कान महिला समिति ने जरूरतमंदों में बांटा कंबल और मिठाई




झरिया (आजाद सिपाही)। मौसम में बदलाव और शुरूआती ठंड को देखते हुए बीसीसीएल दीक्षा महिला मंडल के निर्देश पर मुस्कान महिला समिति बस्ताकोला की ओर से शनिवार को कोइरीबांध के समीप स्थित भुइया बस्ती में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। साथ ही दीपावली पर सभी को दीप, तेल एवं मिठाई का पैकेट भी वितरण किया गया। मुस्कान महिला समिति की अध्यक्ष राजश्री राय एवं पुष्पा सिंह ने कहा कि दीपावली में हर घर में खुशियां हो, हर चेहरे पर मुस्कान हो। इस मौके पर झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव, कुंदन मोदक, संजीव सिंह, अमन यादव आदि उपस्थित थे।

## डॉ शिवानी झा को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित



कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा के डुमरा में संपूर्ण जनजागृति संस्थान की ओर से समारोह आयोजित कर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शिवानी झा ने संस्था द्वारा किये गये कार्यो की प्रसंशा की। कहा कि आने वाले समय में यह संस्था प्रदेश व जिले में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद् अध्यक्ष शारदा सिंह और संस्था के अध्यक्ष सत्यजीत राय ने किया।

# धनबाद कोयलांचल में चारों तरफ दीपावली की मची धूम, रौशनी से सराबोर हुआ शहर

**धनतेरस के दूसरे दिन भी बाजारों में खरीदारों की भीड़**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** दीपों का त्योहार दीपावली शुरू हो चुका है। कोयलांचल में हर तरफ खुशहाली और हर्षोल्लास का माहौल है। शनिवार को हर घर में खुशियों के दीप जलाकर छोटी दिवाली मनाई गई। वहीं, रविवार को दीपावली मनाते हुए जमकर आतिशबाजी की जाएगी। हर तरफ सिर्फ रंग बिरंगी रौशनी में मुहल्ले और सड़कें डूबी हैं। धनतेरस के दूसरे दिन भी बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। लोग पूजन सामग्रियों के साथ घरों को सजाने के उपकरण खरीदते रहे। घरौंदा से लेकर चिनी से निर्मित खिलौने वाले मिठाई ने बच्चों को खूब आकर्षित किया। बाजार में कहीं झालर झिलमिला रहे हैं तो कहीं सेंसर वाले दीपक



खरीदारों को लुभाते रहे। बाजार में शाइनिंग वाली गणेश जी की मूर्ति की भारी डिमांड रही। अक्सर शहर के फुटपाथ में लगने वाले कपड़े की दुकानों में दीप, रंगोली, शुभ-लाभ, स्वस्तिक, ऊं, हैप्पी दीवाली जैसे स्टिकर रस्सी में टंगे रहे। इसके अलावे इन दुकानों में देवी-देवताओं की बड़े से लेकर छोटी तस्वीर, बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने, कलश, दिये, लावा इत्यादि की दुकानें सजी रही जहां देर रात तक जमकर खरीदारी होती रही। वहीं पूजा के लिए फल और मिठाइयों के दुकानों में भी भीड़ जुटी रही।

### पुलिस-प्रशासन चौकस

उधर, जिले में दीपावली व छठ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिले के मुख्य बाजार, हाट में जहां सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की तैनाती की गयी है। वहीं, गली, मुहल्लों में पुलिस की गश्ती बढ़ा दी गयी है। वरीय पुलिस अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी खुद निगरानी रहे हैं। प्रशासन-पुलिस सतर्क है।


### Office of Civil Surgeon Cum Chief Medical officer,Ranchi
### (Department of Health and Family Welfare)

Letter No 4434 Date – 10.11.2023

**EXPRESSION OF INTEREST (E.O.I)**

Sadar Hospital, Ranchi is one of the premier govt. hospital in the state and India. The institute provides free medical services under AB-MMJAY and other govt. schemes. Expression of Interest (E.O.I) is invited for Medical officer's and Specialist Medical Officer's for providing services at Sadar Hospital Ranchi.

| Sl.No | Name of Post | Min Qualification | No. of Posts | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1 | General Duty Medical officer (GDMO) | 1. MBBS 2. Minimum experience of 1 year in a 50 beded hospital. 3. Candidate with higher qualification will be given preference for the post. | 10 | 63,000/- |
| 2 | Physician | 1. MD in General Medicine 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,05,000/- |
| 3 | Anaesthetist | 1. MD/Degree /Diploma/DNB in anesthesia 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,05,000/- |
| 4 | ENT Specialist | 1. Master of Surgery (MS) in ENT 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,05,000/- |
| 5 | Cardiologist | 1. DM in Cardiology 2. Minimum 1 year in a 50 beded hospital | 1 | 1,50,000/- |

**Terms and Conditions**

Relevant documents and information can be seen and downloaded from www.sadarhospital.com

- The desirous candidates having requisite qualifications and fulfilling other eligibility conditions may come for appearing in **walk-in-interview** along with filled application on prescribed format and all the certificates in original in support of their qualification, experience in **Civil Surgeon Conference Hall, Sadar Hospital Campus, Puruliya Road Ranchi – 834 001 at 10.30 AM on November 24 2023.**
- No TA/DA will be paid to candidates attending the interview.
- Chairman, Selection Committee will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
- Maximum age of applicant will be not more than 50 yrs as on 20-09-2023 .
- Candidate with higher qualification will be given preference for the post.
- The above meintioned post can be increased or decreased.
- This post initially for the period of 1 year(under Outsoursed Agency). Extension post expiry of initial period will be the sole discretion of the, Govt of Jharkhand/Sadar Hospital, Ranchi.

Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer Ranchi

PR 311263 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D


# छात्राओं ने रंगोली बनाकर किया कौशल का प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय प्रांगण में शनिवार को दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें वर्ग षष्ठ से 12वीं की छात्राओं ने भाग लिया। रंगोलियों को छात्राओं ने बहुत ही बनाकर सुंदर एवं आकर्षक बनाकर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में प्रति ग्रुप वाइज किया गया। इस दौरान छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत व लगन से सबको मोहित किया। वहीं प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्श एवं सुन्दर रंगोली बनाने वाले ग्रुप को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार मून ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार, चैलेन्जर्स ग्रुप, तृतीय पुरुस्कार आदित्य मिशन, चतुर्थ पुरस्कार-



ज्योति और गौरी ग्रुप एवं पंचम पुरुस्कार सियाराम ग्रुप ने हासिल किया। मुन ग्रुप ने सोहराय पर्व लोकपर्व की विशेषता, झारखस लोक संस्कृति, परंपरा बरद खुंटा, एवं टुसू पर्व एवं शहीदो को दीप जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते दर्शाया गया है, जो सभी को काफी पसंद आया। इन्हें प्रथम पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रशासक मधुसूद महतो एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंज कुमार महतो ने उपहार देकर सम्मानित किया। प्रशासक मधुसूद महतो ने सभी छात्र-छात्राओं को दीपोत्सव की बधाई व शुभकामनायें दी। प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार महतो ने कहा कि दीपावली रौशनी का त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक नीलकमल महतो, अवधेश मिश्रा, रंजीत कुमार झा, भुनेश्वर विश्वकर्मा, बसल महली, बंधुलाल महतो, विभूति महतो, प्रेमचंद महतो, चिरंजीव खवास, मनोरंजन सराफ, धर्मेन्द्र महतो, मनोरंजन सराफ, गौरांग रक्षित, मनोज महतो, रोहित महतो, पूनम कुमारी, पायल कुमारी, सनोज महतो, पवन महतो पुरन रवानी आदि शिक्षक-शिक्षिकाए शिक्षकेतर कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।
### (अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–41, वर्ष 2023–24)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 22.11.2023 से 24.11.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: 25.11.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25.11.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद – : DMFT

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लावालौंग | हेड़ूम | हेड़ूम | आंगनबाड़ी केन्द्र हेड़ूम–1 का मरम्मती कार्य। | 340100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 2 | लावालौंग | हेड़ूम | जोजवारी | आंगनबाड़ी केन्द्र जोजवारी–1 का मरम्मती कार्य। | 340100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 3 | लावालौंग | हेड़ूम | आराआतु | आंगनबाड़ी केन्द्र आराआतु का मरम्मती कार्य। | 339500 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 4 | लावालौंग | हेड़ूम | पोटम | आंगनबाड़ी केन्द्र पोटम का मरम्मती कार्य। | 339500 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 5 | लावालौंग | लमटा | लमटा | आंगनबाड़ी केन्द्र लमटा–2 का मरम्मती कार्य। | 337300 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 6 | टण्डवा | डहु | डहु | आंगनबाड़ी केन्द्र मानापात्रा का मरम्मती कार्य। | 407100 | 750 | 8500 | 02 माह |
| 7 | टण्डवा | गाड़ीलौंग | गाड़ीलौंग | आंगनबाड़ी केन्द्र कामता–2 का मरम्मती कार्य। | 303200 | 750 | 6500 | 02 माह |
| 8 | पत्थलगड्डा | नोनगाँव | नोनगाँव | आंगनबाड़ी केन्द्र नोनगाँव–1 का मरम्मती कार्य। | 339600 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 9 | पत्थलगड्डा | नोनगाँव | तेतरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र तेतरिया का मरम्मती कार्य। | 343100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 10 | पत्थलगड्डा | सिंघानी | पत्थलगड्डा | आंगनबाड़ी केन्द्र पत्थलगड्डा हरीजन टोला का मरम्मती कार्य। | 343100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 11 | पत्थलगड्डा | नावाडीह डमौल | चौथा | आंगनबाड़ी केन्द्र चौथा का मरम्मती कार्य। | 343100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 12 | पत्थलगड्डा | बरवाडीह | बेलहर | आंगनबाड़ी केन्द्र बेलहर का मरम्मती कार्य। | 337900 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 13 | पत्थलगड्डा | मेराल | खैरा | आंगनबाड़ी केन्द्र खैरा का मरम्मती कार्य। | 338400 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 14 | पत्थलगड्डा | मेराल | जोरी | आंगनबाड़ी केन्द्र जोरी का मरम्मती कार्य। | 339500 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 15 | पत्थलगड्डा | मेराल | फुलदगा | आंगनबाड़ी केन्द्र फुलदगा का मरम्मती कार्य। | 340100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 16 | सिमरिया | सबानो | सबानो | आंगनबाड़ी केन्द्र सबानो–1 का मरम्मती कार्य। | 343342 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 17 | सिमरिया | सबानो | सबानो | आंगनबाड़ी केन्द्र सबानो–2 का मरम्मती कार्य। | 316760 | 750 | 6500 | 02 माह |
| 18 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र सिमरिया कला–1 का मरम्मती कार्य। | 176151 | 750 | 4000 | 02 माह |
| 19 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र सिमरिया कला भुईयाँ टोली का मरम्मती कार्य। | 291584 | 750 | 6000 | 02 माह |
| 20 | सिमरिया | डाड़ी | डाड़ी | आंगनबाड़ी केन्द्र डाड़ी–2 का मरम्मती कार्य। | 483232 | 750 | 10000 | 02 माह |
| 21 | सिमरिया | डाड़ी | डाड़ी | आंगनबाड़ी केन्द्र डाड़ी–3 का मरम्मती कार्य। | 444995 | 750 | 9000 | 02 माह |
| 22 | सिमरिया | डाड़ी | बकचोमा | आंगनबाड़ी केन्द्र बकचोमा का मरम्मती कार्य। | 483820 | 750 | 10000 | 02 माह |
| 23 | सिमरिया | पगार | पगार | आंगनबाड़ी केन्द्र पगार का मरम्मती कार्य। | 453663 | 750 | 9500 | 02 माह |

निविदा की शर्ते –

1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

PR 311264 District(23-24)D

जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।


## वायू प्रदूषण के प्रति जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

# धुआं व प्रदूषण रहित दीपावली मनायें : सत्येंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** बोकारो के ढोरी महिला कल्याण समिति की ओर से स्विच ऑन फाउंडेशन कोलकता के सौजन्य से धुंआ और प्रदूषण रहित दीवाली मनाने के लिए कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। फुसरो नप के ढोरी स्टाफ क्वार्टर में मनसा मंदिर के पास से जागरूकता नुक्कड़ नाटक के लिए जत्था को रवाना किया गया। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सह नगर परिषद फुसरो के पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र चौहान, संस्था अध्यक्ष तिजिया देवी, महासचिव श्याम कुंवर भारती, समूह की महिलाए, कार्यकर्ता मदन सिंह, लखबीर सिंह, कलाकार नेपाल महतो और सहयोगी कलाकार ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बेरमो के कई स्थानों पर किया गया। जिसके करगली गेट , पुराना बीडीओ आफिस ढोरी आदि का सहोयग मिला।



## खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में रेलवे के मुद्दों पर सांसदों की बैठक




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेलवे मुद्दों पर भुवनेश्वर में खुर्दा रोड रेलवे डिवीजन के अधिकार क्षेत्र में संसद सदस्यों (सांसदों) के साथ एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में भर्तृहरि महताब, चंद्रशेखर साहू, महेश साहू, पिनाकी मिश्र, मंजुलता मंडल, चंद्राणी मुर्मू, प्रमिला बिसोई, राम मोहन नायडू कांजीरापु, मुजीबुल्ला खान और डॉ राजश्री मल्लिक उपस्थित थे। इसके अलावा सांसद अपराजिता षड़ंगी, सर्मिष्ठा सेठी और अच्युतानंद सामंत भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा और डीआरएम/खुर्दा रोड एचएस बाजवा सहित पूर्व तट रेलवे के सभी वरिष्ठ विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। बैठक में सांसदों द्वारा रेलवे मुद्दों पर कई रचनात्मक विचार, बहुमूल्य सलाह और सार्वजनिक मांगें उठायी गयीं। रेलवे नेटवर्क के विकास के मुद्दे, लोगों की आकांक्षाओं और मांगों और पूर्व तट रेलवे के कामकाज के संबंध में इनकी समीक्षा की गयी।

### टाटा स्टील फाउंडेशन का अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

# अग्निशमन तकनीक सीखी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नरेंद्रपुर टाटा स्टील लिमिटेड ने अग्नि सुरक्षा और अग्नि आपात स्थितियों से निपटने के लिए खड्ग प्रसाद उच्च विद्यालय ओडापड़ा ब्लॉक ढेंकनाल जिले में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। टाटा स्टील संयंत्र के अग्निशमन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों को विभिन्न अग्निशमन तकनीकों के बारे में सिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान, टाटा स्टील मेरामंडी के अग्निशमन विभाग द्वारा स्कूल परिसर में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आग से लड़ने और विभिन्न आपदा स्थितियों में जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए



संवेदनशील बनाने, खुद को और दूसरों को बचाने के लिए, पहले कक्षा में स्कूली छात्रों को शिक्षित करने और बाद में आग की आपात स्थितियों से उत्पन्न होनेवाली विभिन्न समस्याओं को हल करने के लिए एक मॉक ड्रिल आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 100 से अधिक छात्रों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। टाटा स्टील फाउंडेशन के अधिकारियों और टाटा स्टील प्लांट के अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा। यह ध्यान दिया जा सकता है कि टाटा स्टील लिमिटेड द्वारा आस-पास के अन्य स्कूलों में इसी तरह के अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं, जो छात्रों और आने वाली पीढ़ियों को आपात स्थितियों का ठीक से परिचालना करने में मदद करेंगे।

## रांची एयरपोर्ट पर रघुवर दास का हुआ स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड से पहली बार राज्यपाल बने ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंचने पर ढोल नगाड़ा के साथ सैकड़ों समर्थकों ने स्वागत किया। फूल माला और बुके देकर स्वागत किया गया। स्वागत करनेवालों में रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जयसवाल, शिवपूजन पाठक, संजय कुमार जयसवाल, परमा सिंह, हेमंत दास, प्रकाश राम, काजल प्रधान, ललित नारायण ओझा, केके गुप्ता, वरुण साहू, सूर्यप्रभात, संकेत तिवारी, रोमित नारायण सिंह, सुनील साहू, मुकेश मुक्ता, अरविंद तिवारी, राजीव जयसवाल, विनय जयसवाल, अनिता वर्मा, आंचल तिवारी, सुभाष साहू, रवि सिंह, शुभम जयसवाल, बबलू मुंडा, रौनक सिंह राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग बैठक की



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम गादी के भट्टासिंघा में भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव में तन मन से लग जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है, जो नीति और सिद्धांत पर चलती है। केंद्र की मोदी सरकार ने देश की जनता के साथ वादा किया था कि गरीबों के लिए पांच वर्षों तक फ्री में अनाज देंगे, जो देश की करीब 80 करोड़ जनता को इसका लाभ आज तक मिलता आ रहा है। भाजपा जो कहती है, वही करती है, जबकि अन्य पार्टी का कथनी और करनी में बहुत अंतर है। कहती कुछ है और करती कुछ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने की बात कही। आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को कई टिप्स दिये। बैठक के बाद श्री सिंह ने एक मिठाई की दुकान का उद्घाटन फीता काट कर और नारियल फोड़ कर किया। इस मौके पर सुबोध नारायण देव, अभय, बिनोद, उमा शंकर,अशोक, अरुण, विक्रम, मुन्ना,मोहन नारायण देव, कालो राय, विकास, पंकज, अजित, रामबोल, नकुल राय, उस्मान मिया आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## ब्रह्माकुमारी आश्रम में 2 बहनों ने खुदकुशी की

- सुसाइड नोट में लिखा- 25 लाख रुपये हड़पे, खिलवाड़ किया
- योगीजी इन्हें आसाराम जैसी सजा मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**आगरा।** आगरा के ब्रह्माकुमारी आश्रम में शुक्रवार देर रात दो सगी बहनों ने सुसाइड कर लिया। एक ही कमरे में अलग-अलग फंदे पर दोनों के शव लटके मिले हैं। शवों में 4-5 फीट की दूरी है। आत्महत्या से पहले दोनों बहनों ने सुसाइड नोट भी लिखा। एक ने 3, जबकि दूसरी ने 1 पेज का नोट लिखा। इसे ब्रह्माकुमारी के ग्रुप और परिजनों को वॉट्सऐप पर भेजा। हालांकि, जब तक परिजन और संस्था के लोग मौके पर पहुंचते तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। आत्महत्या करने वाली दोनों बहनों के नाम एकता और शिखा हैं। 15 साल पहले दोनों ने ब्रह्माकुमारी आश्रम से दीक्षा ली थी। सुसाइड नोट में उन्होंने आश्रम से जुड़ी एक महिला समेत 4 कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया है। इसमें इन चारों पर अनैतिक गतिविधि करने और रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इनमें से 3 आरोपियों गुड्डन, ताराचंद और पूनम को गिरफ्तार कर लिया है।

सुसाइड नोट में यह भी आरोप लगाया गया है कि आश्रम में कई बहनों ने पहले भी सुसाइड की है, लेकिन ऐसे मामलों को छिपा लिया जाता है। जिस आश्रम में घटना हुई वह आगरा के थाना जगनेर में स्थित है। दोनों बहनों का घर आश्रम से करीब 13 किमी. दूरी पर है। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त आश्रम में दोनों बहनों के अलावा एक महिला और थी। वह दूसरे कमरे में थी। मौके पर पहुंचे एसीपी खेरागढ़ महेश कुमार ने बताया कि रात 12 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ब्रह्माकुमारी में दो बहनों ने सुसाइड कर लिया। मौके पर फोरेंसिक जांच की गई। कमरे से सुसाइड नोट और फोन मिला है। उसे कब्जे में लिया है। उसमें कई जानकारी हासिल हुई है।

## एसएचएम का केक मिश्रण समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बड़े दिन (क्रिसमस) के लिए केवल डेढ़ महीना बचा है। शनिवार को स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट में एक केक मिस्टिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जो शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित है। सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप्त कुमार नंद ने कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि इस तरह के आनंदमय कार्यक्रम केक मिस्टिंग समारोह में भाग लेने से छात्रों में सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा होगा। एसएचएम के डीन प्रो सुशांत रंजन चैनी ने कहा कि केक की तैयारी क्रिसमस से दो दिन पहले यानी 25 दिसंबर से शुरू होती है और दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के साथ साझा की जाती है। क्रिसमस ईसाइयों का त्योहार है और यह न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में मनाया



जाता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही छात्र भविष्य में क्रिसमस केक बनाने के बारे में नये सबक भी सीखते हैं। पारंपरिक केक मिस्ट्रिंग की उत्पत्ति 1700 के दशक में यूरोप में हुई थी और इसे अच्छे समय और आनंद का अग्रदूत कहा जाता है। इस दौरान केक बनाना बहुत आसान होता है क्योंकि अधिक फल और मेवों का उत्पादन होता है। इस पारंपरिक क्रिसमस केक या क्रिसमस पुडिंग में बड़ी मात्रा में सूखे मेवे, अंडे और आटे का उपयोग किया जाता है। कई केक में सूखे मेवे, चेरी, फूटी, क्रैनबेरी, खजूर और विभिन्न पेय पदार्थों का उपयोग किया जाता है। इस कार्यक्रम में प्रो. नचिकेता के. शर्मा सोआ के निदेशक विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम, एसएचएम के संकाय सदस्यों और छात्रों ने भाग लिया।

## भटली विधायक सुशांत सिंह पर भाजपा ने निशाना साधा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बरगड़ अंबाभना थाने में तोड़फोड़ मामले में भाजपा ने एक बार फिर भटली विधायक सुशांत सिंह पर निशाना साधा है। बीजेपी ने चिन्हित आरोपियों के साथ सुशांत की फोटो दिखाकर सवाल उठाये। एक संवाददाता सम्मेलन में, प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश बीजेपी प्रवक्ता मनोज महापात्र ने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी पर हमला किया गया और थाने में तोड़फोड़ की गयी और थाने से सामान को लूट लिया गया। बीजेपी का आरोप है कि 300 से ज्यादा बीजेडी समर्थकों, कार्यकर्ताओं और नेताओं पर एतला रूजू हुआ है। पुलिस ने 102 लोगों के नामों की पहचान की है। बीजेपी का आरोप है कि इनका भटली विधायक से संबंध हैं। इसके अलावा बीजेपी ने सुशांत सिंह को तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है।



















VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**